PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)

01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, गुरुवार 23 जुलाई 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## Paper Leak Row: राहुल गांधी का पीएम मोदी पर बड़ा हमला, दोहराई ये तीन मांगें; कांग्रेस नेता ने क्या लगाए आरोप?



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर बड़ा हमला बोला है। कुछ देर पहले पीएम मोदी ने पेपर लीक मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का आदेश दिया है। पीएम मोदी ने ये जानकारी एक्स पर साझा की, जिस पर रिपोस्ट करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लिखा -आपने ही हमारे युवाओं के भविष्य को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। आपने न सिर्फ हमारी शिक्षा प्रणाली पर पूरा कब्जा होने और उसे बर्बाद होने दिया, उसे बढ़ावा भी दिया - और इसके जिम्मेदार हर व्यक्ति को संरक्षण दिया।

## CJP Protest: जंतर-मंतर पर इंटरनेट बंद, वांगचुक का वजन 11 KG घटा; अबतक कितनी FIR, आंदोलन के 34वें दिन आगे क्या?




कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने कहा है कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा होगा तभी आंदोलन वापस लेंगे। नीट पेपर लीक के बाद जिन छात्रों ने अपनी जिंदगी समाप्त की है उन्हें एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए तभी आंदोलन वापस लेंगे। सीजेपी और वांगचुक की इस मुहिम को दिल्ली से बाहर भी समर्थन मिलने लगा है। कई राज्यों में प्रदर्शन के अलावा वांगचुक के समर्थन में अमेरिका के न्यूयॉर्क और सेन जोस में भी प्रदर्शनकारी सड़कों पर दिखे। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में अमेरिकी मानवाधिकार संगठन, हिंदूज फॉर ह्यूमन राइट्स ने सोमवार को न्यूयॉर्क और सैन जोन में एकजुटता का प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने वांगचुक के समर्थन में तख्तियां लेकर भारत सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। वांगचुक, पिछले 25 दिनों से नीट परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। संगठन ने एक बयान में कहा कि लंदन में भारतीय उच्चायोग और डब्लिन में भारतीय दूतावास के बाहर भी ऐसे ही प्रदर्शन आयोजित किए गए थे। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा अगर किसान आंदोलन एक साल तक चल सकता है तो उनका आंदोलन भी बिना जीत हासिल किए समाप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस हिंसा में शामिल सभी पुलिस अधिकारियों को सजा दी जाए तभी आंदोलन वापस लेंगे।

मई 2026 में छात्रों ने नीट पेपर लीक के मुद्दे पर आवाज उठाई, जिसके बाद देश के युवाओं में सरकार के रवैये के प्रति गुस्सा उमड़ पड़ा। सरकार करीब 3 जून 2026 को धर्मेंद्र प्रधान के मुद्दे को सुलझा सकती थी, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। 20 जून से जंतर मंतर पर सीजेपी का आंदोलन शुरू हुआ। 28 जून से सोनम वांगचुक भी जुड़ गए। अब ये आंदोलन देश के कई राज्यों के अलावा विदेशी सरजमीं तक भी पहुंच गया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की मुहिम से जुड़े युवा एकजुट होकर भारत की शिक्षा प्रणाली पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। धर्म, जाति, दल और विचारधारा के मुद्दे पीछे हट गए और लगभग पूरा देश सीजेपी की मुहिम से जुड़ता दिख रहा है। 25 दिन से अनशन कर रहे लद्दाख के शिक्षाविद और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि अगर आंदोलन करने वाले युवाओं पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाते हैं तो वे प्रदर्शनकारियों से अपील करेंगे कि अपने आंदोलन को अभी के लिए टाल दें। सरकार से बात शुरू करें। सोनम वांगचुक के बयान में नरमी सी दिखती है। दूसरी ओर सोनम वांगचुक ने कहा है कि अगर मुकदमे वापस लिए जाते हैं तो आंदोलन खत्म कर बातचीत का रास्ता अपनाया जाएगा। मगर सीजेपी का कहना है धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा देंगे। उसके साथ-साथ तीन और मांगों पर फैसला होगा। मांगे मानी जाएंगी तब जाकर आंदोलन वापस लिया जाएगा। ऐसे में दो केंद्रीय मंत्रियों के मेदांता अस्पताल जाकर वांगचुक से मिलने के आधार पर कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार आंदोलन को मैनेज करने की कवायद कर रही है। दरअसल, सीजेपी ने इस मुलाकात के बाद कहा कि मंत्रियों को जंतर-मंतर पर आकर बात करनी होगी। ऐसे में सवाल ये है कि क्या मंत्री जंतर-मंतर जाएंगे?

## Mumbai Local Train: मुंबई में हर दो मिनट पर मिलेगी लोकल, 'कवच 5.0' से बढ़ेगी रफ्तार और सुरक्षा

मुंबई लोकल ट्रेनों में भीड़ कम करने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए रेलवे जल्द स्वदेशी 'कवच 5.0' सिस्टम लागू करेगा। इससे ट्रेनों के बीच अंतर 3 मिनट से घटकर 2 मिनट होगा और सेवाएं करीब 3,000 से बढ़कर 4,000 तक हो सकेंगी। मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेनों में सफर करने वाले लाखों यात्रियों के लिए बड़ी राहत की तैयारी शुरू हो गई है। लगातार बढ़ती भीड़ और ट्रेनों पर बढ़ते दबाव के बीच रेलवे अब मुंबई के उपनगरीय नेटवर्क के लिए खास तौर पर विकसित किए जा रहे स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम 'कवच 5.0' को लागू करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इस नई तकनीक के लागू होने के बाद लोकल ट्रेनों के बीच का अंतर मौजूदा करीब तीन मिनट से घटकर महज दो मिनट रह जाएगा। यानी यात्रियों को पहले से कहीं ज्यादा जल्दी और ज्यादा संख्या में लोकल ट्रेनें मिल सकेंगी। मुंबई का उपनगरीय रेल नेटवर्क दुनिया के सबसे व्यस्त रेल नेटवर्क में शामिल है। सेंट्रल और वेस्टर्न रेलवे के रूट पर रोज करीब 3,254 एसी और नॉन-एसी लोकल ट्रेनें दौड़ती हैं। हर दिन 63 से 68 लाख के बीच यात्री इन ट्रेनों से सफर करते हैं। इतनी भारी आवाजाही के बीच ट्रेनों की सुरक्षित दूरी बनाए रखना और साथ ही सेवाओं की संख्या बढ़ाना रेलवे के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। रेलवे का मानना है कि 'कवच 5.0' इस चुनौती का सबसे कारगर समाधान साबित होगा। इस सिस्टम के लागू होने के बाद रोजाना चलने वाली लोकल ट्रेनों की संख्या मौजूदा लगभग 3 हजार से बढ़ाकर 4 हजार तक ले जाना संभव हो सकेगा। इसका सीधा फायदा यात्रियों को मिलेगा। भीड़ कम होगी, ट्रेनों का इंतजार घटेगा और पीक आवर में भी सफर पहले से ज्यादा आसान हो सकेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अप्रैल 2025 में मुंबई के लिए विशेष 'कवच 5.0' विकसित करने की घोषणा की थी। फिलहाल इसकी तकनीकी रूपरेखा और सभी फीचर्स को अंतिम रूप देने का काम रिसर्च डिजाइंस एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) कर रहा है। दूसरी ओर भारतीय रेलवे देशभर में 'कवच 4.0' लागू कर रही है। इसके तहत वेस्टर्न रेलवे के मुंबई-दिल्ली के 693 किलोमीटर लंबे रेलखंड पर काम जारी है। इसके पूरा होने के बाद मुंबई की लोकल सेवाओं में अलग से 'कवच 5.0' लागू किया जाएगा।




**नई तकनीक का सबसे बड़ा फायदा सुरक्षा के मोर्चे पर मिलेगा। यदि कोई मोटरमैन गलती से लाल सिग्नल पार करने की कोशिश करता है या ट्रेन तय गति सीमा से ज्यादा तेज चलने लगती है, तो सिस्टम तुरंत सक्रिय होकर अपने आप ब्रेक लगा देगा। तेज बारिश, घने कोहरे या कम दृश्यता वाली परिस्थितियों में भी यह तकनीक पूरी क्षमता से काम करेगी। इससे ट्रेनों की टक्कर जैसी दुर्घटनाओं की आशंका लगभग समाप्त हो जाएगी। 'कवच 5.0' मौजूदा व्यवस्था से तकनीकी रूप से कहीं अधिक उन्नत होगा। अभी मुंबई की लोकल ट्रेनें ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम पर चलती हैं, जिसमें पटरियों के किनारे लगे सिग्नल के आधार पर मोटरमैन ट्रेन चलाते हैं। मौजूदा व्यवस्था में ऑक्सिलरी वॉर्निंग सिस्टम भी मौजूद है, जो पीला सिग्नल मिलने पर मोटरमैन द्वारा निर्धारित बटन नहीं दबाने या लाल सिग्नल पार करने की स्थिति में स्वतः ब्रेक लगा देता है। नई व्यवस्था में पटरियों के किनारे लगे सिग्नलों पर निर्भरता काफी हद तक खत्म हो जाएगी। 'कवच 5.0' पूरी तरह केबिन बेस्ड सिग्नलिंग सिस्टम होगा। यानी सिग्नल से जुड़ी सारी जानकारी सीधे मोटरमैन के केबिन में लगी डिस्प्ले स्क्रीन पर दिखाई देगी। इससे सिग्नल पढ़ने में गलती की संभावना लगभग खत्म हो जाएगी और ट्रेनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए उन्हें पहले से ज्यादा कम अंतराल पर चलाना संभव होगा। हालांकि शुरुआती दौर में बैकअप और आपात स्थिति को ध्यान में रखते हुए पटरियों के किनारे लगे पारंपरिक सिग्नल भी कुछ समय तक बने रहेंगे। मुंबई के उपनगरीय नेटवर्क का दायरा भी इसकी अहमियत बताता है। सेंट्रल रेलवे रोजाना 120 एसी और 1,720 नॉन-एसी समेत कुल 1,840 लोकल फेरे संचालित करता है, जिनसे प्रतिदिन 35 से 38 लाख यात्री सफर करते हैं। वहीं वेस्टर्न रेलवे 145 एसी और 1,269 नॉन-एसी सहित कुल 1,414 लोकल ट्रेनें चलाता है, जिनमें रोज 28 से 30 लाख यात्री यात्रा करते हैं। इतनी विशाल रेल सेवा को अधिक सुरक्षित, तेज और सक्षम बनाने के लिए रेलवे अब 'कवच 5.0' को भविष्य की सबसे अहम तकनीक मान रहा है।**

## Maharashtra: दुबई से पति ने भरोसे में भेजे 14 लाख के गहने, मुंबई एयरपोर्ट से सामान लेकर गायब हुई महिला




**दुबई के कारोबारी उमर राजपूत ने पत्नी के लिए खरीदा 14.42 लाख रुपये का सोना, आईफोन, लैपटॉप और अन्य सामान परिचित महजबीन मोहम्मद इमरान के जरिए मुंबई भेजा। महिला एयरपोर्ट से सामान लेकर फरार हो गई। सहार पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।**

**दुबई में कारोबार करने वाले एक भारतीय ने अपनी पत्नी तक 14 लाख रुपये से अधिक का कीमती सामान सुरक्षित पहुंचाने के लिए जिस महिला पर भरोसा किया, वही महिला मुंबई पहुंचते ही सामान समेत गायब हो गई। सोने के गहनों, नए आईफोन, लैपटॉप और अन्य कीमती सामान से भरा बैग लेकर वह मुंबई एयरपोर्ट से इस तरह निकली कि फिर उसका कोई पता नहीं चला।**

**अब मुंबई की सहार पुलिस ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता कौसरी राजपूत मुंबई में रहती हैं, जबकि उनके पति उमर राजपूत पिछले करीब आठ वर्षों से दुबई में कारोबार कर रहे हैं। इसी दौरान उनकी पहचान महजबीन मोहम्मद इमरान नाम की महिला से हुई थी। दोनों के बीच इतना भरोसा बन गया था कि जब भी महजबीन दुबई जाती, उमर उसके ठहरने और अन्य व्यवस्थाओं में मदद करते थे। इसी विश्वास के चलते उमर ने पत्नी के लिए खरीदा गया करीब 14.42 लाख रुपये का सामान महजबीन को मुंबई पहुंचाने के लिए सौंप दिया। इसमें 50-50 ग्राम की सोने की दो चूड़ियां, 50 ग्राम की सोने की चेन, एक लैपटॉप, नए आईफोन, महंगे चॉकलेट और अन्य सामान शामिल था। सामान के साथ सभी वस्तुओं के मूल बिल भी उसे दिए गए थे, ताकि मुंबई में किसी तरह की परेशानी न हो।**

30 जून को महजबीन मुंबई एयरपोर्ट पर उतरी। उसे रिसीव करने के लिए कौसरी राजपूत और उनके देवर पहले से ही एयरपोर्ट पर मौजूद थे। लेकिन उनसे मिलने या सामान सौंपने के बजाय महजबीन चुपचाप एयरपोर्ट से निकल गई। जब कौसरी ने उसे फोन किया तो पहले उसने कॉल काट दी और कुछ देर बाद मोबाइल भी बंद कर लिया। कई दिनों तक संपर्क न होने पर कौसरी मुंबई के उपनगर ट्रॉम्बे स्थित महजबीन के घर पहुंचीं, लेकिन वहां भी पता चला कि वह घर नहीं लौटी है। उसके साथ यात्रा करने वाले एक अन्य व्यक्ति ने भी बताया कि पूरा कीमती सामान महजबीन के ही पास था। जब हर स्तर पर तलाश के बावजूद न तो महिला का पता चला और न ही सामान वापस मिला, तब कौसरी ने सहार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद पुलिस ने महजबीन मोहम्मद इमरान के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपी महिला और उसके पास मौजूद करीब 14.42 लाख रुपये के सामान का पता लगाने के लिए उसकी लोकेशन लगातार ट्रैक कर रही है।

## पढ़ाई के लिए गंदे पानी से लड़ाई: दीदी, क्लास के लिए देर हो रही है,



बस एक क्लास, एक लेक्चर छूट न जाए, इसी डर से ये बेटियां रोज गंदे पानी से लड़ती हैं। विडंबना यह है कि इसी रास्ते से रोज अधिकारी, जनप्रतिनिधि और नगर निगम के कर्मचारी गुजरते हैं। जलभराव उनकी आंखों के सामने है मगर समाधान किसी की प्राथमिकता में नहीं। जब सरकारें बेटियों की शिक्षा के बड़े-बड़े दावे करती हैं तब शिक्षा के मंदिर के गेट पर भरा गंदा पानी उन दावों पर सवालिया निशान लगा देता है। सवाल यह है कि क्या बेटी पढ़ाओ का नारा सिर्फ भाषणों तक सीमित है। क्या आठ हजार बेटियों की शिक्षा का रास्ता साफ करना सिस्टम की जिम्मेदारी नहीं। इस बारे में कॉलेज प्रबंधन ने नगर निगम को पत्र भेजने की बात तो कही लेकिन इसके बाद कुछ नहीं किया गया।

टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज और टीकाराम कन्या महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर 22 जुलाई को जलभराव का नजारा दिखा। यहां पढ़ने वाली छात्राओं के लिए रोज की समस्या बन गया है। बारिश के बाद प्रवेश द्वार से लेकर कॉलेज तक करीब 20 मीटर लंबा जलभराव व्यवस्था की अनदेखी का प्रतीक बन गया है। दीदी, क्लास के लिए देर हो रही है, प्लीज पानी पार करा दो। चेहरे पर चिंता की लकीरों के साथ 14 वर्षीय राखी ने स्कूटी से अलीगढ़ के टीकाराम कॉलेज जा रही एक युवती से यह गुहार लगाई। युवती ने राखी को बिठाया तो एक और छात्रा उस पर बैठ गई। काफी देर से खड़ीं तीन छात्राओं को जब कोई मदद नहीं मिली तो वह जूते-चप्पल उतारकर गंदे पानी से गुजर कर कक्षा तक पहुंचीं। शहर के बीचोंबीच स्थित टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज और टीकाराम कन्या महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर बुधवार को दिखा यह नजारा यहां पढ़ने वाली छात्राओं के लिए रोज की समस्या बन गया है। बारिश के बाद प्रवेश द्वार से लेकर कॉलेज तक करीब 20 मीटर लंबा जलभराव व्यवस्था की अनदेखी का प्रतीक बन गया है। हर दिन लगभग आठ हजार छात्राएं इसी रास्ते से होकर कॉलेज पहुंचती हैं। उन्हें अपनी कक्षाओं तक पहुंचने से पहले गंदे पानी की बाधा पार करनी पड़ती है। यह जलभराव बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान के हर दावे को डुबो रहा है। बदबूदार, काले पानी से होकर गुजरना यहां पढ़ने वाली छात्राओं की रोज की मजबूरी है। सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक कॉलेज का गेट संघर्ष का मैदान बन जाता है। एक-एक क्लास अटैंड करने के लिए छात्राएं सुबह से गेट पर खड़ी रहती हैं। कोई छात्रा गेट पर खड़ी होकर बाइक-स्कूटी वालों से लिफ्ट की गुहार लगाती है तो कोई पांच रुपये देकर ई-रिक्शा से 20 मीटर का सफर तय करती है। जिन्हें लिफ्ट या या ई-रिक्शा नहीं मिलता वे जूते-मोजे, चप्पल हाथ में लेकर बदबूदार पानी से गुजरकर कक्षाओं तक पहुंचती हैं।

## Aligarh News: शादी में आए युवक ने पेड़ पर फंदा लगाकर दी जान




थाना लोधा क्षेत्र में गांव बाढ़ौन में एक शादी समारोह में आए युवक ने पत्नी से विवाद के बाद पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। बुधवार सुबह उसका शव पेड़ से लटका मिला। गौतमबुद्ध नगर के थाना जेवर के गांव रायपुर गांव निवासी पवन कुमार (25) पुत्र गोपाल अपनी पत्नी नीरा के साथ मंगलवार को गांव बाढ़ौन में आया था। यहां उसकी पत्नी के मामा रामचरण के बेटे पुष्पेंद्र की बुधवार को बरात जानी थी। परिवार शादी की तैयारियों में जुटा था। मंगलवार रात किसी बात को लेकर पवन और उसकी पत्नी नीरा के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद पवन घर से निकल गया। बुधवार सुबह भरतपुर की मढ़ी के पास एक नीम के पेड़ पर उसका शव उसकी ही शर्ट के फंदे से लटका मिला। खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। सीओ गभाना महेश कुमार ने बताया मामले में परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# UP: सबसे उम्रदराज सपा विधायक आलमबदी का निधन 92 साल की उम्र में कहा अलविदा; आजमगढ़ की इस सीट से पांच बार जीते

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ विधायक आलमबदी आजमी का बुधवार देर रात निधन हो गया। आजमगढ़ की निजामाबाद विधानसभा क्षेत्र से पांच बार के विधायक ने शहर के कुर्मी टोला स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह 92 वर्ष के थे। पिछले कुछ समय से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था।उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण अध्याय का अंत हो गया है। समाजवादी पार्टी के एक कद्दावर नेता और आजमगढ़ जिले की निजामाबाद सीट से पांच बार विधायक रहे आलमबदी आजमी का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे आजमी ने अपने गृह जनपद आजमगढ़ में अंतिम सांस ली।आलमबदी आजमी को उनकी सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए जाना जाता था। उनके निधन की खबर से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में गहरा दुख व्याप्त है। उनके निधन की जानकारी उनके सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से दी गई।

**शिक्षा और राजनीतिक सफर**

16 मार्च 1936 को आजमगढ़ में जन्मे आलमबदी आजमी ने अपना जीवन सार्वजनिक सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने 1953 में इस्लामिया कॉलेज, गोरखपुर से 12वीं की शिक्षा पूरी की और 1956 में टेक्निकल इंस्टीट्यूट, गोरखपुर से इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त किया।




, जिनमें अंगद यादव भी शामिल थे। उन्होंने निजामाबाद सीट से पांचवीं बार विधायक बनकर क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके परिवार में छह बच्चे हैं।आलमबदी आजमी के जनाजे की नमाज गुरुवार शाम 4 बजे जामियातुर रशाद में अदा की जाएगी, जहां उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। आलमबदी आजमी की तबीयत कुछ समय से खराब चल रही थी। उन्हें 13-14 अप्रैल 2026 को लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। आलमबदी आजमी का निधन उत्तर प्रदेश की राजनीति के लिए एक बड़ी क्षति है। उनकी सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के प्रति निष्ठा हमेशा याद रखी जाएगी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आलम बदी आजमी के निधन पर दुख जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं आज़मगढ़ की निज़ामाबाद विधानसभा से लोकप्रिय विधायक जनाब आलम बदी साहब का इंतकाल, अत्यंत दुखद! दिवंगत आत्मा को शांति दें भगवान। शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहने का संबल प्राप्त हो। भावभीनी श्रद्धांजलि!सपा सांसद इकरा हसन ने भी एक्स पर पोस्ट कर विधायक आलम बदी के निधन पर दुख जताया।

उन्होंने लिखा आजमगढ़ के निजामाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक जनाब आलम बदी आजमी साहब के इंतकाल की खबर बेहद अफसोसनाक है। उनका जाना मिल्लत, समाज और सियासत के लिए एक बड़ा खसारा है। उनकी खिदमात और खुलूस को हमेशा याद रखा जाएगा।सपा सांसद आदित्य यादव ने भी उनके निधन को बड़ी क्षति बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा- समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं आज़मगढ़ की निज़ामाबाद विधानसभा से कई बार के विधायक आलम बदी साहब के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

# Kangra Cloudburst Horror: 24 घंटे बाद भी दहशत, गढ़गून-भंगार गांव मिटे, अब स्पैड़ा पर मंडरा रहा मौत का खतरा



कांगड़ा के शाहपुर की बोह घाटी में बादल फटने के बाद गढ़गून और भंगार गांव पूरी तरह तबाह हो गए हैं, जबकि स्पैड़ा गांव पर खतरा बना हुआ है। प्रशासन ने तीनों गांव खाली कराकर 160 लोगों को राहत शिविर में पहुंचाया है। 38 परिवार बेघर हो गए हैं। डीसी ने मौके का निरीक्षण किया, जबकि मुख्यमंत्री ने प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास और हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। मलबा, टूटी दीवारें और उजड़े आशियाने। कांगड़ा जिले के शाहपुर की बोह घाटी में बादल फटने के बाद केलंग नाले का रौद्र रूप देख गांव के लोग 24 घंटे बाद भी सहमे हुए हैं। गढ़गून और भंगार गांव जमींदोज हो चुके हैं। पहाड़ अब भी दरक रहा है। स्पैड़ा गांव पर खतरा बना हुआ है। प्रशासन ने एहतियातन तीनों गांव खाली करवा दिए हैं। तीनों गांवों के 38 परिवार बेघर हैं। 160 लोगों को बोह के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बनाए राहत शिविर में ठहराया गया है। कुछ परिवार अपने रिश्तेदारों के घरों में रह रहे हैं।बुधवार को प्रभावित गांवों में पहुंचकर हालात का जायजा लिया। गढ़गून गांव तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं। कई किलोमीटर पैदल चलने के बाद गांव की सीमा शुरू होती है। लेकिन गांव नजर नहीं आता। वहां सिर्फ पत्थरों, पेड़ों और मलबे का ढेर दिखाई देता है। जिन आंगनों में कभी बच्चों की आवाजें गूंजती थीं, वहां अब सन्नाटा पसरा है। सैलाब ने गांव के 12 मकानों को पूरी तरह मिट्टी में मिला दिया है। सरकारी प्राथमिक स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र भी बह गए हैं। खेत, पेयजल योजनाएं, बिजली के खंभे और गांव को जोड़ने वाला रास्ता तबाह हो चुका है। दर्जनों पशु मारे गए हैं। गढ़गून के साथ लगा भंगार गांव भी इस त्रासदी से अछूता नहीं बचा। यहां तीन परिवारों के मकान पूरी तरह रहने योग्य नहीं रहे। घरों के भीतर रखा सामान, अनाज, दस्तावेज मलबे के नीचे दब गए।



आपदा की मार सिर्फ तीन गांवों तक सीमित नहीं। लाम गांव में भी जमीन दरकने लगी है। 60 घरों वाले इस गांव में 50 मकानों में दरारें पड़ चुकी हैं, जबकि छह मकान पूरी तरह असुरक्षित हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जमीन फट रही है। लोग रातें जागकर बिता रहे हैं।

**डीसी भी पहुंचे पैदल, बोले-गढ़गून में एक भी मकान नहीं बचा**

बुधवार शाम डीसी हेमराज बैरवा करीब पांच किलोमीटर पैदल चल गढ़गून गांव पहुंचे। उन्होंने नुकसान का जायजा लेने के बाद कहा कि गांव में एक भी मकान सुरक्षित नहीं बचा है। प्रशासन ने तीनों गांव खाली करवा दिए हैं और प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नुकसान का विस्तृत आकलन कर शीघ्र रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

**हर परिवार को 50 हजार की दी राहत**

डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि प्रत्येक प्रभावित परिवार को 50 हजार की फौरी राहत दी जा रही है। जिन परिवारों के मकान पूरी तरह ध्वस्त हुए हैं, उन्हें एक लाख तक की सहायता मिलेगी। बेघर परिवारों को किराये के लिए प्रतिमाह पांच हजार रुपये भी दिए जाएंगे।

स्पैड़ा गांव के करीब 12 घर मलबे की चपेट में आ चुके हैं जबकि 11 अन्य मकानों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। करीब 27 परिवारों वाले इस गांव के लोग अब अपने घरों से दूर राहत शिविरों और रिश्तेदारों के यहां शरण लेने को मजबूर हैं। हर किसी की निगाह पहाड़ी की ओर टिकी है कि कहीं फिर से मलबा न आ जाए। राहत शिविर में भोजन और ठहरने की व्यवस्था तो है, लेकिन जिन लोगों ने अपना घर, खेत और पशुधन खो दिया है, उनके चेहरों पर भविष्य की चिंता साफ दिखाई देती है।



स्पैड़ा गांव के करीब 12 घर मलबे की चपेट में आ चुके हैं जबकि 11 अन्य मकानों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। करीब 27 परिवारों वाले इस गांव के लोग अब अपने घरों से दूर राहत शिविरों और रिश्तेदारों के यहां शरण लेने को मजबूर हैं। हर किसी की निगाह पहाड़ी की ओर टिकी है कि कहीं फिर से मलबा न आ जाए। राहत शिविर में भोजन और ठहरने की व्यवस्था तो है, लेकिन जिन लोगों ने अपना घर, खेत और पशुधन खो दिया है, उनके चेहरों पर भविष्य की चिंता साफ दिखाई देती है।



**वीडियो कॉल पर सीएम ने प्रभावितों से की बात, बोले दोबारा बसाएगी सरकार**

बोह घाटी में बादल फटने से प्रभावित परिवारों को सरकार सुरक्षित स्थान पर दोबारा बसाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को शिमला से वीडियो कॉल पर आपदा प्रभावितों से बातचीत कर उन्हें हरसंभव सहायता और शीघ्र पुनर्वास का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा को प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सप्ताहांत में वह स्वयं बोह पंचायत के आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेंगे। सबसे अधिक प्रभावित गढ़गून गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके घरों के साथ वर्षों की जमा पूंजी भी बह गई। कई परिवारों के पास तन पर पहने कपड़ों के अलावा कुछ नहीं बचा। उन्होंने सरकार से नए मकान बनाकर देने की मांग की। बोह के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए राहत शिविर में रह रहे सपेड़ा और लाम गांव के प्रभावितों ने भी मुख्यमंत्री से बातचीत कर शीघ्र पुनर्वास की गुहार लगाई।



# Haryana: पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़, आरोपी के पैर में लगी गोली; जिला परिषद सदस्य पर किया था हमला



सीआईए प्रभारी प्रतीक कुमार ने बताया कि जिला परिषद सदस्य सचिन कुमार निवासी सतोड़ा पर हुए जानलेवा हमले के मामले में दीपू रंधावा वांछित आरोपी था। इस वारदात के बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।कुरुक्षेत्र में हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-152 पर फूलगढ़ गांव के पास मंगलवार देर शाम सीआईए एक और अपराधिक मामले में वांछित आरोपी के बीच मुठभेड़ हो गई।

इस मुठभेड़ में जिला परिषद सदस्य पर जानलेवा हमला कर चोट पहुंचाने के वांछित आरोपी संजय उर्फ दीपू रंधावा निवासी फौजी प्लॉट पिहोवा की टांग में गोली लगी। टीम ने आरोपी के पास से 32 बोर का एक पिस्टल भी बरामद किया है। आरोपी को उपचार के लिए पहले पिहोवा के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल कुरुक्षेत्र भेज दिया।

**मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में लगी गोली**

सीआईए-1 प्रभारी प्रतीक कुमार के अनुसार पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि एक आपराधिक मामले में वांछित आरोपी पिहोवा क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने पुलिस टीम को देखकर टीम पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर से की गई फायरिंग में आरोपी की टांग में गोली लगी और उसे मौके पर ही दबोच लिया गया।

# UP Weather: प्रदेश में भीषण बारिश का दौर जारी, आज इन 10 जिलों में बरसात का रेड अलर्ट; जानिए पूर्वानुमान




Weather in UP: यूपी में भीषण बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले तीन दिन के बाद बारिश में कुछ कमी हो जाएगी। उत्तर प्रदेश में मंगलवार को तराई, पश्चिमी जिलों और पूर्वांचल में कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश हुई । मिर्जापुर, शाहजहांपुर, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर, संभल, चित्रकूट और बलिया समेत कई जिलों में जोरदार बारिश देखने को मिली। बारिश से अधिकांश हिस्सों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली।मौसम विभाग ने बुधवार को प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर और बुंदेलखंड क्षेत्र समेत 10 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 23 से 25 जुलाई के दौरान प्रदेश में मानसूनी गतिविधियां कुछ कमजोर पड़ सकती हैं। हालांकि इस दौरान बुंदेलखंड के साथ सोनभद्र और मिर्जापुर जैसे दक्षिणी जिलों में बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि 26 जुलाई से मानसून फिर सक्रिय होगा और प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश की रफ्तार बढ़ने की संभावना है।मंगलवार को मिर्जापुर में सर्वाधिक 190 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा शाहजहांपुर में 125 मिमी, सिद्धार्थनगर में 120.8 मिमी और गोरखपुर में 111 मिमी बारिश हुई। कई अन्य जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गई।



**लखनऊ में ठहर जाएगी बारिश**

राजधानी में मंगलवार को दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रही। आसमान में घने बादलों से ढका रहा। दोपहर में कुछ देर धूप निकलने से अधिकतम तापमान में 5.2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। शाम को हुई रिमझिम बारिश ने मौसम फिर से सुहाना बना दिया और लोगों को उमस से राहत मिली।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। इसके बाद अगले तीन दिन मानसूनी गतिविधियां कमजोर पड़ सकती हैं। हालांकि 26 जुलाई से राजधानी में एक बार फिर अच्छी बारिश होने के आसार हैं।मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सोमवार के मुकाबले 5.2 डिग्री अधिक रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री की बढ़त के साथ 25 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



# US Forced Labour Trade Probe: बंधुआ मजदूरी से उत्पाद पर आज आएगी अमेरिकी रिपोर्ट, जद में भारत समेत कितने देश?




**भारत ने शुरू की है एंटी-डंपिंग जांच**
भारत ने 16 मार्च 2026 को दुनिया के कई देशों से आने वाले सोडा ऐश के आयात पर एंटी-डंपिंग जांच शुरू की थी। इसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि सस्ते आयात से घरेलू उद्योग को नुकसान पहुंच रहा है या भविष्य में नुकसान की आशंका है।

**टैरिफ के जरिए अमेरिका कर रहा नया समझौता- ट्रंप प्रशासन**
ट्रंप प्रशासन व्यापारिक साझेदार देशों पर दबाव बनाने के लिए टैरिफ का इस्तेमाल कर रहा है, ताकि वे अपने बाजार अमेरिकी कंपनियों के लिए खोलें, नियमों का बेहतर पालन करें और अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग को फिर से मजबूत बनाया जा सके। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने बुधवार को सांसदों के सामने यह बात कही। जैमीसन ग्रीर ने इसे अमेरिका की नई व्यापार नीति बताया, जिसमें बराबरी के आधार पर समझौते किए जाएंगे और जरूरत पड़ने पर टैरिफ का दबाव बनाया जाएगा। ग्रीर ने सीनेट की वित्त समिति के सदस्यों से कहा कि टैरिफ सिर्फ सजा देने का तरीका नहीं है, बल्कि बातचीत में एक ऐसा साधन भी है जिससे अमेरिकी कंपनियों और कामगारों के लिए बेहतर बाजार पहुंच हासिल की जा सकती है।

**उन्होंने कहा, 'हम टैरिफ का इस्तेमाल जारी रखेंगे और ऐसे समझौते करेंगे जो हमारी अर्थव्यवस्था में दोबारा उद्योगों को मजबूत करने, अमेरिकी कामगारों की रक्षा करने, उनकी आय बढ़ाने और व्यापार घाटे को कम करने में मदद करेंगे'। ग्रीर ने दावा किया कि प्रशासन की यह नीति पहले से ही अच्छे नतीजे दे रही है। टैरिफ और समझौतों के मेल से राष्ट्रपति की व्यापार नीति ने जल्दी और प्रभावशाली परिणाम दिए हैं। ग्रीर के अनुसार, अमेरिका अब तक 19 ऐसे ढांचे वाले या बराबरी के आधार पर किए गए व्यापार समझौते कर चुका है, जो दुनिया की कुल अर्थव्यवस्था (जीडीपी) के 32 प्रतिशत हिस्से को कवर करते हैं।**

अमेरिका भारत समेत अपने 60 प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ चल रही सेक्शन 301 जांच पर गुरुवार को अंतिम फैसला जारी कर सकता है। यह फैसला ऐसे समय आने वाला है, जब सभी देशों पर लगाए गए 10 प्रतिशत अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ शुक्रवार को समाप्त होने वाले हैं। पढ़ें पूरी रिपोर्ट...
अमेरिका भारत सहित अपने 60 व्यापारिक साझेदार देशों में बंधुआ मजदूरी से तैयार उत्पाद के संबंध में गुरुवार को अंतिम कार्रवाई रिपोर्ट जारी करेगा। अमेरिका ने इन देशों के खिलाफ धारा 301 के तहत जांच की थी। यह कदम सभी देशों पर लगाए गए 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ की समय-सीमा समाप्त होने से ठीक पहले उठाया जा रहा है। भारत ने इस जांच का विरोध करते हुए कहा था कि इन मुद्दों पर द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत ही चर्चा की जा सकती है।

**अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने क्या कहा?**
अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर ने सीनेट वित्त समिति को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के शीर्ष 60 व्यापारिक साझेदारों की ओर से अपनी सीमाओं पर बंधुआ मजदूरी से तैयार सामानों के आयात पर रोक न लगाने या उसे प्रभावी ढंग से लागू न कर पाने की जांच की गई थी। पिछले महीने यूएसटीआर ने देशों के मौजूदा उपायों की कड़ाई के आधार पर 10 फीसदी और 12.5 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया था। ग्रीर ने बताया कि यूएसटीआर को इस पर 1,600 से अधिक आपत्तियां-टिप्पणियां मिली हैं और 107 गवाहों के साथ दूसरे दौर की सुनवाई पूरी की जा चुकी है।

**भारत ने जांच पर जताई आपत्ति, दूसरे देशों की भी जांच जारी**
भारत ने अमेरिका की इस जांच का विरोध किया है। भारत का कहना है कि इस तरह के मुद्दों पर एकतरफा कार्रवाई करने के बजाय इन्हें भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बातचीत से सुलझाया जाना चाहिए। दोनों देशों के बीच इस समझौते पर फिलहाल बातचीत चल रही है। यूएसटीआर ने यह भी बताया कि अमेरिका एक दर्जन से अधिक देशों में अत्यधिक औद्योगिक उत्पादन क्षमता की भी जांच कर रहा है। हालांकि, इस मामले में अभी शुरुआती निष्कर्ष जारी नहीं किए गए हैं।

**ट्रंप प्रशासन ने क्यों शुरू की थी जांच?**
ट्रंप प्रशासन ने यह जांच उस समय शुरू की थी, जब फरवरी 2026 में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल लगाए गए पारस्परिक शुल्क को अवैध करार दिया था। इसके बाद प्रशासन ने सभी देशों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया था, जिसकी अवधि शुक्रवार को खत्म हो रही है।

**भारत-अमेरिका व्यापार**
अमेरिका, भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार और भारतीय निर्यात का सबसे बड़ा बाजार है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2025 में दोनों देशों के बीच वस्तु व्यापार लगभग 141 अरब डॉलर का रहा। इसमें भारत का निर्यात 87.3 अरब डॉलर था।

**सोडा ऐश पर भी उठा मुद्दा**
सीनेट की सुनवाई के दौरान सीनेटर जॉन बरासो ने भारत में अमेरिकी सोडा ऐश (Soda Ash) उत्पादकों को बाजार तक उचित पहुंच न मिलने का मुद्दा उठाया। इस पर ग्रीर ने कहा कि उनकी भारत के व्यापार मंत्रालय के अधिकारियों से अच्छी बातचीत होती है और वह अगली बैठक में यह मुद्दा उठाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत की भी अमेरिका की तरह व्यापारिक जांच और राहत संबंधी प्रक्रियाएं हैं और अमेरिका चाहता है कि वहां अमेरिकी कंपनियों के साथ निष्पक्ष व्यवहार हो।

# ऑपरेशन हार्ड बॉल: ड्रग्स तस्करी मामले में हरमनवीर सिंह गिरफ्तार, रविंदर ढांडा गैंग पर FBI ने कसा शिकंजा




एफबीआई ने कनाडा स्थित रविंदर ढांडा गिरोह से जुड़े कथित ड्रग्स तस्करी नेटवर्क में भूमिका के आरोप में भारतीय नागरिक हरमनवीर सिंह को कैलिफोर्निया से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन हार्ड बॉल' के तहत हुई, जिसमें अब तक 24 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। एफबीआई ने कनाडा स्थित रविंदर ढांडा गिरोह के लिए मादक पदार्थों की तस्करी में कथित भूमिका के लिए भारतीय नागरिक हरमनवीर सिंह को गिरफ्तार किया है। एफबीआई ने बुधवार को बताया कि सिंह को मंगलवार को कैलिफोर्निया के स्टॉकटन में कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल के अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था।

**जांच एजेंसी ने क्या कहा?**
एफबीआई की यह कार्रवाई ऑपरेशन हार्ड बॉल के बाद हुई, जो लॉरेंस बिश्नोई, जग्गु भगवानपुरिया और रविंदर ढांडा की गिरोहों को लक्षित करने वाली एक समन्वित अंतरराष्ट्रीय प्रवर्तन कार्रवाई थी। जांच एजेंसी ने कहा कि सिंह एक अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठन में कथित संलिप्तता के लिए वांछित था, जो प्रतिबंधित पदार्थों के वितरण और वितरण के इरादे से रखने की साजिश और प्रतिबंधित पदार्थों के निर्यात की साजिश में शामिल था।

**रविंदर ढांडा पर क्या आरोप है?**
इसमें कहा गया है कि रविंदर ढांडा संगठित अपराध समूह का मुख्यालय वैंकूवर, कनाडा में है और कथित तौर पर यह संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले संगठनों के लिए बड़ी मात्रा में कोकीन और मेथम्फेटामाइन की तस्करी करता था।

**वारंट कब जारी हुआ ?**
23 जून, 2026 को, सिंह के खिलाफ संयुक्त राज्य अमेरिका के जिला न्यायालय, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया में एक संघीय गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, क्योंकि उन पर नियंत्रित पदार्थों के वितरण और वितरण के इरादे से कब्जे की साजिश रचने, निर्यात की साजिश रचने और वितरण के इरादे से कब्जे का आरोप लगाया गया था।

**अबतक कितने लोग हुए गिरफ्तार?**
इस महीने की शुरुआत में एक संयुक्त अभियान में, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और यूरोप की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने 24 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनमें से 11 कैलिफोर्निया में थे। जो भारत स्थित तीन अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध समूहों से जुड़े थे और जिन पर कई आपराधिक कृत्यों का आरोप लगाया गया था। कुल मिलाकर, अमेरिकी न्याय विभाग ने अपने 'ऑपरेशन हार्ड बॉल' के तहत अभियोग में 37 लोगों पर आरोप लगाए थे।

# अमेरिका: एरिजोना में डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में भारतवंशी अमीश शाह जीते, अब किससे होगा मुकाबला?



भारतवंशी अमीश शाह ने एरिजोना में डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज कर पार्टी नेतृत्व को चौंका दिया। डीसीसीसी के समर्थन वाले उम्मीदवार की हार ने अमेरिकी राजनीति में मतदाताओं के बदलते रुख संकेत दिए हैं। पढ़िए रिपोर्ट-
भारतीय मूल के अमीश शाह ने बुधवार को एरिजोना के एक अहम कांग्रेस (संसद) क्षेत्र में डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की है। यह काफी कड़ा मुकाबला था। शाह की जीत से डेमोक्रेटिक कांग्रेसनल कैंपेन कमेटी (डीसीसीसी) को झटका लगा है, क्योंकि उसने शाह के प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार का समर्थन किया था। यह नतीजा ऐसे समय आया है, जब ज्यादा से ज्यादा मतदाता वाशिंगटन में पार्टी नेताओं की पसंद को खारिज कर रहे हैं। आपातकालीन चिकित्सक अमीश शाह अब आम चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार जे फीली का सामना करेंगे। फीली नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के पूर्व खिलाड़ी हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्राइमरी चुनाव में उनका समर्थन किया था। राजनीति में विरोधी बनने से पहले फीली और शाह एक ही टीम न्यूयॉर्क जेट्स का हिस्सा थे। शाह टीम के किनारे तैनात डॉक्टर थे, जबकि फीली टीम के किकर थे।

**डीसीसीसी ने किस उम्मीदवार का साथ दिया था?**
डीसीसीसी ने मार्लीन गैलन-वूड्स का समर्थन किया था। वह पहले रिपब्लिकन पार्टी में थीं और ट्रंप के पहले कार्यकाल की शुरुआत में डेमोक्रेटिक पार्टी में शामिल हो गई थीं।

**क्यों अहम माना जा रहा था यह मुकाबला?**
पहले कांग्रेस क्षेत्र के लिए यह मुकाबला काफी अहम माना जा रहा था। इस क्षेत्र में उत्तर-पूर्वी फीनिक्स, स्कॉट्सडेल, फाउंटेन हिल्स और पैराडाइज वैली जैसे समृद्ध इलाके शामिल हैं। माना जा रहा है कि अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में किस पार्टी का नियंत्रण रहेगा, इसे तय करने में यह चुनाव भूमिका निभा सकता है। हालांकि, इस क्षेत्र में रिपब्लिकन मतदाता ज्यादा हैं, लेकिन पिछले एक दशक में यहां के लोगों की राजनीतिक सोच कुछ हद तक बदली है। यह सीट खाली हुई है क्योंकि रिपब्लिकन सांसद डेविड श्वाइकर्ट ने गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ा था। लेकिन मंगलवार को रिपब्लिकन प्राइमरी में वह एंडी बिग्स से हार गए।

के समर्थन की जरूरत होगी, क्योंकि यह मुकाबला मुश्किल माना जा रहा है। इस क्षेत्र में 2024 में ट्रंप को मामूली जीत मिली थी। वहीं, 2020 में पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी से यह क्षेत्र जीता था, जबकि श्वाइकर्ट दोबारा सांसद चुने गए थे।

**डीसीसीसी के फैसले पर क्यों उठे सवाल?**
डीसीसीसी के गैलन-वूड्स को समर्थन देने के फैसले से स्थानीय डेमोक्रेट्स हैरान थे। इसकी वजह यह थी कि गैलन-वूड्स और शाह की राजनीतिक सोच में ज्यादा अंतर नहीं था। दोनों ही बीच की राजनीतिक सोच रखने वाले उम्मीदवार हैं। यह चुनाव डेमोक्रेटिक पार्टी में बढ़ते प्रगतिशील और मध्यमार्गी नेताओं के बीच विवाद का हिस्सा भी नहीं था।यह मुकाबला कुछ हद तक 2024 के चुनाव जैसा था। उस समय शाह ने कई उम्मीदवारों के बीच हुए प्राइमरी मुकाबले में मामूली अंतर से जीत हासिल की थी। उस चुनाव में गैलन-वूड्स भी शामिल थीं। हालांकि, आम चुनाव में शाह हार गए थे। उस साल डीसीसीसी ने प्राइमरी में किसी उम्मीदवार का समर्थन नहीं किया था, लेकिन आम चुनाव में शाह का साथ दिया था। मई में जब डीसीसीसी ने गैलन-वूड्स को समर्थन देने का एलान किया, तो डीसीसीसी की अध्यक्ष और अमेरिकी सांसद सुजान डेलबेनी ने उनके टीवी पत्रकारिता के अनुभव की तारीफ की, लेकिन शाह के बारे में कुछ नहीं कहा। शाह ने मंगलवार रात समर्थकों से कहा, मैं अपनी पार्टी की पहली पसंद नहीं था। लेकिन मैं पार्टी के स्थापित नेतृत्व के खिलाफ खड़ा होने के लिए तैयार था और यही इस क्षेत्र के मतदाता चाहते हैं। हालांकि, शाह ने कहा है कि उम्मीदवार बनने के बाद वह डीसीसीसी के साथ काम करेंगे। उन्हें चुनाव जीतने के लिए पार्टी

के समर्थन की जरूरत होगी, क्योंकि यह मुकाबला मुश्किल माना जा रहा है। इस क्षेत्र में 2024 में ट्रंप को मामूली जीत मिली थी। वहीं, 2020 में पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी से यह क्षेत्र जीता था, जबकि श्वाइकर्ट दोबारा सांसद चुने गए थे।

**डीसीसीसी के फैसले पर क्यों उठे सवाल?**
डीसीसीसी के गैलन-वूड्स को समर्थन देने के फैसले से स्थानीय डेमोक्रेट्स हैरान थे। इसकी वजह यह थी कि गैलन-वूड्स और शाह की राजनीतिक सोच में ज्यादा अंतर नहीं था। दोनों ही बीच की राजनीतिक सोच रखने वाले उम्मीदवार हैं। यह चुनाव डेमोक्रेटिक पार्टी में बढ़ते प्रगतिशील और मध्यमार्गी नेताओं के बीच विवाद का हिस्सा भी नहीं था।यह मुकाबला कुछ हद तक 2024 के चुनाव जैसा था। उस समय शाह ने कई उम्मीदवारों के बीच हुए प्राइमरी मुकाबले में मामूली अंतर से जीत हासिल की थी। उस चुनाव में गैलन-वूड्स भी शामिल थीं। हालांकि, आम चुनाव में शाह हार गए थे। उस साल डीसीसीसी ने प्राइमरी में किसी उम्मीदवार का समर्थन नहीं किया था, लेकिन आम चुनाव में शाह का साथ दिया था। मई में जब डीसीसीसी ने गैलन-वूड्स को समर्थन देने का एलान किया, तो डीसीसीसी की अध्यक्ष और अमेरिकी सांसद सुजान डेलबेनी ने उनके टीवी पत्रकारिता के अनुभव की तारीफ की, लेकिन शाह के बारे में कुछ नहीं कहा। शाह ने मंगलवार रात समर्थकों से कहा, मैं अपनी पार्टी की पहली पसंद नहीं था। लेकिन मैं पार्टी के स्थापित नेतृत्व के खिलाफ खड़ा होने के लिए तैयार था और यही इस क्षेत्र के मतदाता चाहते हैं। हालांकि, शाह ने कहा है कि उम्मीदवार बनने के बाद वह डीसीसीसी के साथ काम करेंगे। उन्हें चुनाव जीतने के लिए पार्टी

# Supreme Court: सोनम रघुवंशी को सुप्रीम कोर्ट से झटका; रद्द हुई जमानत, तीन हफ्ते के भीतर आत्मसमर्पण का आदेश



राजा रघुवंशी हत्याकांड की आरोपी सोनम रघुवंशी को आज शीर्ष कोर्ट से झटका लगा, जब उसकी जमानत रद्द कर दी गई। कोर्ट ने तीन हफ्ते के भीतर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। पढ़िए रिपोर्ट-
सुप्रीम कोर्ट ने हनीमून के दौरान पति की हत्या की आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत रद्द कर दी है। कोर्ट ने सोनम रघुवंशी को तीन सप्ताह के भीतर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट ने गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी देने में कथित कमी के आधार पर जमानत देते समय गलती की थी। हालांकि, जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने यह भी कहा कि अगर छह महीने के भीतर मुकदमे की सुनवाई पूरी नहीं होती है तो सोनम नई जमानत याचिका दाखिल करने के लिए स्वतंत्र होंगी। मेघालय सरकार की ओर से दायर अपील को स्वीकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 22(1) के तहत गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी देना जरूरी है। लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं था कि गिरफ्तारी के कारण बिल्कुल भी नहीं बताए गए। कोर्ट ने कहा कि सोनम को 9 जून 2025 को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले पति की मौत के बाद वह कथित तौर पर लापता थीं।

**अभियोजन पक्ष का आरोप क्या है?**
अभियोजन पक्ष के अनुसार, शादी के बाद सोनम राजा रघुवंशी के साथ मेघालय गई थीं। वहां कथित तौर पर उनकी हत्या कर दी गई और तीन अन्य लोगों की मदद से उनका शव एक गहरी खाई में फेंक दिया गया। आरोप है कि इन तीनों लोगों को सोनम ने ही हत्या के लिए कथित तौर पर किराये पर रखा था।
विवाद उस समय हुआ, जब गिरफ्तारी के कारणों में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) की जगह धारा 403(1) का उल्लेख किया गया।

**सोनम ने जमानत के लिए क्या दलील दी थी?**
सुप्रीम कोर्ट के पिछले मिहिर राजेश शाह मामले का हवाला देते हुए सोनम ने दलील दी थी कि उन्हें गिरफ्तारी के सही कारणों की जानकारी नहीं दी गई, इसलिए वह जमानत की हकदार हैं। ट्रायल कोर्ट ने इस दलील को स्वीकार कर लिया था और हाईकोर्ट ने भी उस आदेश को बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी नहीं देना और सही जानकारी में पर्याप्त विवरण न होना, दोनों अलग-अलग बातें हैं।

**क्या हुआ था मामला?**
मध्य प्रदेश के इंदौर की रहने वाली सोनम को जून, 2025 में अपने व्यवसायी पति राजा रघुवंशी की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। यह जोड़ा पिछले साल 23 मई को मेघालय के सोहरा इलाके में छुट्टियों के दौरान लापता हो गया था। इसके बाद 2 जून, 2025 को राजा का शव एक गहरी खाई में मिला।

**पुलिस का क्या आरोप है?**
मामले की जांच कर रही पुलिस का आरोप है कि सोनम ने किराये के हत्यारों के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची थी। मेघालय की ट्रायल अदालत ने 27 अप्रैल, 2026 सोनम को जमानत दी थी और 29 जून, 2026 को मेघालय हाईकोर्ट ने जमानत रद्द करने की राज्य पुलिस की याचिका खारिज कर दी थी। मेघालय सरकार ने जमानत के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

# एचएएल-साफरान समझौता: अब भारत में बनेंगे लीप इंजन अहम पार्ट, 'मेक इन इंडिया' अभियान को मिलेगी नई ताकत




## समझौता के दौरान कौन- कौन मौजूद रहेगा

यह समझौता फार्नबोरो इंटरनेशनल एयरशो 2026 के दौरान एचएएल के फाउंड्री एंड फोर्ज डिवीजन के महाप्रबंधक प्रवीण बी. और साफरान एयरक्राफ्ट इंजन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (परचेजिंग) डोमिनिक डुप्यू के बीच हुआ। इस अवसर पर एचएएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रवि के. और बेंगलुरु कॉम्प्लेक्स के सीईओ जयकृष्णन एस. भी मौजूद रहे इस समझौते के तहत एचएएल अपने बंगलूरू स्थित फाउंड्री एंड फोर्ज डिवीजन की अत्याधुनिक रिंग रोलिंग फैसिलिटी में लीप इंजन के लिए नियर-नेट शेप सुपरएलॉय रिंग फोर्जिंग का निर्माण करेगा। इन विशेष धातु से बने रिंग फोर्जिंग का उपयोग विमान इंजन के उस हिस्से में किया जाता है, जहां अत्यधिक तापमान और तेज गति के बीच इंजन को बेहतर प्रदर्शन और विश्वसनीयता बनाए रखनी होती है।लीप इंजन जीई एयरोस्पेस और साफरान के संयुक्त उपक्रम सीएफएम इंटरनेशनल द्वारा विकसित किया गया है, जो दुनिया के लोकप्रिय यात्री विमानों जैसे एयरबस ए320नियो, बोइंग 737 मैक्स और कोमैक सी919 में लगाया जाता है। ऐसे में एचएएल का इस वैश्विक कार्यक्रम से जुड़ना भारतीय एयरोस्पेस उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।यह एयरशिप 60 टन तक का माल ले जाने में सक्षम है और इसमें वर्टिकल टेक-ऑफ एवं लैंडिंग (वीटीओएल), कम ग्राउंड इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता और हाइब्रिड-इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल हैं।

एचएएल और फ्रांस की साफरान एयरक्राफ्ट इंजन्स ने लीप इंजन के लिए सुपरएलॉय टरबाइन रिंग फोर्जिंग के उत्पादन के लिए समझौता किया है। इससे भारत में हाई-टेक एयरोस्पेस निर्माण को बढ़ावा मिलेगा, 'मेक इन इंडिया' मजबूत होगा। भारत की प्रमुख रक्षा एवं एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और फ्रांस की साफरान एयरक्राफ्ट इंजन्स ने सीएफएम लीप इंजन प्रोग्राम के लिए सुपरएलॉय टरबाइन रिंग फोर्जिंग के उत्पादन और आपूर्ति को लेकर एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता भारत के 'मेक इन इंडिया' अभियान को नई मजबूती देने के साथ-साथ वैश्विक एयरोस्पेस सप्लाई चेन में भारत की भूमिका को और मजबूत करेगा। एचएएल ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और साफरान एयरक्राफ्ट इंजन्स ने सीएफएम लीप इंजन कार्यक्रम के लिए सुपरअलॉय में टरबाइन रिंग फोर्जिंग के उत्पादन और आपूर्ति के लिए एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।'एचएएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रवि के. ने कहा कि एचएएल और साफरान के बीच कई दशकों से मजबूत और भरोसेमंद साझेदारी रही है। यह नया दीर्घकालिक करार इस बात का प्रमाण है कि दुनिया की प्रमुख एयरोस्पेस कंपनियों का एचएएल की तकनीकी क्षमता और विनिर्माण गुणवत्ता पर भरोसा लगातार बढ़ रहा है।

# Gold Silver Price: सोने ने पकड़ी रफ्तार, 10 ग्राम 1.47 लाख रुपये के पार; चांदी भी चमकी



## सोने की कीमतों में उछाल क्यों आया

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक, जिंस, सौमिल गांधी ने बताया कि सोने की कीमतों में यह वृद्धि अमेरिका-ईरान के नए राजनयिक प्रयासों के कारण हुई। इन राजनयिक प्रयासों से भू-राजनीतिक तनाव में कमी आई है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में भी गिरावट दर्ज की गई। इसने सर्राफा बाजार को मजबूत समर्थन प्रदान किया। गांधी ने आगे कहा कि चीन से मजबूत भौतिक मांग बनी हुई है। साथ ही, केंद्रीय बैंकों द्वारा लगातार खरीदारी भी जारी है। इन दोनों कारकों ने बहुमूल्य धातुओं को लगातार सहारा दिया है। वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना 50.12 अमेरिकी डॉलर यानी 1.25 फीसदी बढ़कर 4,057.89 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गया। कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी जिंस अनुसंधान, कायनात चैनवाला ने बताया कि हाजिर सोने की कीमतें मंगलवार को ऊपर चढ़ीं। यह 4,082 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के इंट्राडे उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह 4,000 अमेरिकी डॉलर से नीचे की गिरावट आई थी। इस गिरावट के बाद धातु ने अपनी खोई हुई जमीन वापस पाई है। चांदी भी 4 फीसदी से अधिक बढ़कर 58.80 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई।मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख, प्रवीण सिंह के अनुसार, चांदी ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इसकी मुख्य वजह अमेरिका और ईरान के बीच राजनयिक वार्ता से क्षेत्रीय तनाव कम होने की उम्मीद है।

दिल्ली में सोने का भाव 800 रुपये बढ़कर 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ। मजबूत स्थानीय मांग, वैश्विक रुझान और भू-राजनीतिक तनाव में कमी से सोने को समर्थन मिला। चांदी ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। देश की राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमतों में 800 रुपये का बड़ा उछाल देखा गया। मजबूत भौतिक मांग और वैश्विक रुझानों के चलते 10 ग्राम सोने का भाव 1.47 लाख रुपये के पार पहुंच गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाली पीली धातु का भाव 1,47,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसमें सभी कर शामिल हैं। सोमवार को सोने का भाव 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, इस दौरान चांदी का भाव 2,21,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर और अपरिवर्तित रहा।घरेलू सर्राफा बाजार में कारोबारियों ने सोने में लगातार खरीदारी दर्ज की। वहीं, हालिया सुधार के बाद चांदी की कीमतों में कोई खास बदलाव नहीं आया और यह सपाट बनी रही।




# Sensex Opening Bell: शेयर बाजार में चौथे दिन भी गिरावट; सेंसेक्स 300 अंक से अधिक लुढ़का, निफ्टी 23950 से नीचे

भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार, 23 जुलाई 2026 को लगातार चौथे सत्र में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 337 अंक से ज्यादा और निफ्टी 78 अंक से ज्यादा गिरा। कच्चे तेल के दाम में वृद्धि, पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और विदेशी निवेशकों की बिकवाली मुख्य कारण रहे। जानें वैश्विक बाजारों का हाल।पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है। इसी वजह से गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुरुआती कारोबार में नीचे गिरे। निवेशक धारणा कमजोर बनी हुई है।विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 819.20 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। एक दिन के विराम के बाद उन्होंने फिर से बिकवाली की। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार यह जानकारी सामने आई है। निवेशक धारणा पहले से ही कमजोर बनी हुई है।मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने से यह और प्रभावित हुई है। एफआईआई की लगातार बिकवाली भी बाजार पर दबाव डाल रही है।हालांकि, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। अमेरिकी बाजार बुधवार को नकारात्मक दायरे में बंद हुए थे।




30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 230.95 अंक गिरकर 76,521.02 पर आ गया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 57.15 अंक लुढ़ककर 23,937 पर पहुंच गया। सेंसेक्स समूह से इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। ट्रेंट और एटर्नल ही बढ़त वाले एकमात्र शेयर थे।गुरुवार को शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे बढ़कर 96.48 पर पहुंच गया। इसके पीछे भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप की आशंका जताई जा रही है, जबकि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों पर दबाव बना हुआ है।पिछले कारोबारी सत्र बुधवार को भी बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई थी। बुधवार को सेंसेक्स 715.06 अंक या 0.92 फीसदी गिरकर 76,755.05 पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 191.45 अंक या 0.79 फीसदी की गिरावट के साथ 23,996.25 पर समाप्त हुआ था।वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.27 फीसदी बढ़कर 96.20 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव ने वैश्विक तेल कीमतों में नई तेजी ला दी है। यह निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता पर भी असर डाल रहा है। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर ने बताया कि यमन के हूती विद्रोहियों ने दो सऊदी तेल टैंकरों पर हमला किया। इस हमले ने क्षेत्रीय संघर्ष में एक नया मोर्चा खोल दिया है। इससे कच्चे तेल की आपूर्ति में आगे की बाधाओं की आशंकाएं बढ़ गई हैं। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी 3.15 फीसदी उछला। जापान का निक्केई 225 सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक भी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।




# IDFC First Bank Sam: सीबीआई ने चंडीगढ़ और लुधियाना में की बड़ी छापेमारी, 657 करोड़ रुपये के गबन का आरोप




यह धोखाधड़ी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ स्थित सेक्टर-32 शाखा में हुई थी। आरोप है कि सरकारी धनराशि को जाली या अस्तित्वहीन सावधि जमाओं के माध्यम से निकाल लिया गया। धोखाधड़ी वाले डेबिट लेनदेन का भी इस्तेमाल किया गया। बाद में इस धनराशि को शेल संस्थाओं के माध्यम से आगे भेजा गया। इस तरह सरकारी धन का बड़े पैमाने पर गबन किया गया। सीबीआई प्रवक्ता के अनुसार, इस अवैध लेनदेन से हरियाणा सरकार को कुल 504 करोड़ रुपये की हानि हुई है। वहीं, चंडीगढ़ के मामले में यह हानि 153 करोड़ रुपये आंकी गई है। कुल मिलाकर, इस धोखाधड़ी से सरकारी खजाने को 657 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। यह एक बड़ा वित्तीय घोटाला है।सीबीआई ने इस धोखाधड़ी से संबंधित कई मामलों में आरोप पत्र दाखिल किए हैं। जांच एजेंसी ने इस मामले में तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को भी गिरफ्तार किया है। यह दर्शाता है कि जांच काफी आगे बढ़ चुकी है। आगे भी इस मामले में और गिरफ्तारियां और खुलासे होने की संभावना है।

सीबीआई ने IDFC First Bank के 657 करोड़ रुपये के कथित गबन मामले में चंडीगढ़ और लुधियाना में कई स्थानों पर तलाशी ली। चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड और नगर निगम चंडीगढ़ के खातों से धन की हेराफेरी का आरोप है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आईडीएफसी बैंक से जुड़े 657 करोड़ रुपये के कथित गबन मामले में बड़ी कार्रवाई की है। चंडीगढ़ और लुधियाना में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाए गए हैं। यह मामला चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड और नगर निगम चंडीगढ़ के बैंक खातों से धन की हेराफेरी से संबंधित है। अधिकारियों ने गुरुवार, 23 जुलाई 2026 को यह जानकारी दी। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि पांच स्थानों पर तलाशी ली गई। इनमें संदिग्ध लाभार्थियों के आवासीय परिसर और व्यावसायिक प्रतिष्ठान शामिल हैं। ये लाभार्थी नगर निगम चंडीगढ़ और चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड (सीएससीएल) से संबंधित धोखाधड़ी वाली धनराशि से जुड़े हैं। सीएससीएल के सरकारी कर्मचारी अनुभव मिश्रा और जांच से जुड़ी निजी संस्थाओं के ठिकानों पर भी तलाशी हुई। इन तलाशी अभियानों के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज और वस्तुएं बरामद की गईं। इनमें स्टोरेज ड्राइव, डिजिटल हस्ताक्षर, संपत्ति संबंधी रिकॉर्ड और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे डिजिटल साक्ष्य शामिल हैं।

# Biz Updates: भारत और स्पेन के बीच डिजिटल भुगतान होगा कंबोडिया एयरवेज-कोमैक के बीच 12,740 करोड़ का समझौता




कमर्शियल एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन ऑफ चाइना (कोमैक) के अनुसार, कंबोडिया एयरवेज ने हाल ही में चीन के शांगहाई शहर में कोमैक के साथ 20 सी909 विमान खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सी909 एक 90 सीटों वाला, अल्प और मध्यम दूरी का टर्बोफैन क्षेत्रीय जेट है, जिसे चीन ने स्वतंत्र रूप से विकसित किया है। यह मुख्य रूप से छोटे और मध्यम आकार के शहरों और प्रमुख हवाई अड्डों के बीच परिवहन के लिए उपयोग किया जाता है, और पहले ही इंडोनेशिया, लाओस और वियतनाम जैसे विदेशी बाजारों में इसका विस्तार हो चुका है। दोनों देशों या समझौते में शामिल पक्षों की तरफ से राशि का खुलासा नहीं किया गया है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में अनुमान लगाया गया है कि समझौता हजारों करोड़ रुपये का है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जिस एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं वह करीब 1.52 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है। यानी 20 विमानों की एवज में कंबोडिया चीनी कंपनी को भारतीय करेंसी के हिसाब से 12,740 करोड़ रुपये से अधिक राशि का भुगतान करेगी। हालांकि, इस राशि के बारे में आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।


भारत और स्पेन ने दोनों देशों के बीच डिजिटल भुगतान को आसान बनाने की दिशा में पहल की है। दोनों देश भारत की यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और स्पेन के बिजुम डिजिटल भुगतान मंच को आपस में जोड़ने के लिए तकनीकी स्तर पर बातचीत तेज करेंगे। इससे भविष्य में दोनों देशों के बीच भुगतान की प्रक्रिया अधिक सरल और तेज हो सकेगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की हालिया स्पेन यात्रा के दौरान यह सहमति बनी। इससे पहले अक्तूबर 2024 में भारत दौरे पर आए स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने मुंबई में भगवान गणेश की प्रतिमा खरीदी थी। इसके लिए उन्होंने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल किया। आसानी से हुए इस लेनदेन के बाद सांचेज ने यूपीआई की सराहना की। उन्होंने कहा था कि भारत और यूरोपीय संघ एफटीए पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं।भारत और मालदीव के बीच मालदीव के समुदायों के विकास के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने के बाद दोनों मंत्रियों ने कहा कि भारत की इस मदद से मालदीव के लोगों के जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव आएगा। मनोरंजन केंद्रों के लिए उपकरण उपलब्ध कराने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

# एक महीने में 15% महंगी हुई चीनी: रिकॉर्ड ऊंचाई पर कैसे पहुंचे चीनी के दाम? केंद्र लगा सकता है स्टॉक सीमा




त्योहारी सीजन से पहले देश में चीनी की कीमतें एक महीने में 15 फीसदी से अधिक बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। सरकार ने जमाखोरी और सट्टेबाजी रोकने के लिए उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बैठक की है और स्टॉक सीमा लगाने पर विचार कर रही है। मिलें और व्यापारी एक-दूसरे पर कीमतें बढ़ाने और जमाखोरी के आरोप लगा रहे हैं, जबकि सरकार ने फिलहाल चीनी आयात से इनकार किया है।त्योहारी सीजन से ठीक पहले देश में चीनी की कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी ने केंद्र सरकार के साथ-साथ आम लोगों की भी चिंता बढ़ा दी है। बीते एक महीने में घरेलू बाजार में चीनी की कीमतें 15 फीसदी से अधिक बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। उत्तर प्रदेश में एक्स-मिल कीमतें 4,400 से 4,500 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच चुकी हैं, जबकि दिल्ली के थोक बाजार में चीनी 4,800 रुपये प्रति क्विंटल तक बिक रही है। कीमतों में इस अप्रत्याशित उछाल के बाद सरकार ने चीनी उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ आपात बैठक की है। सट्टेबाजी और जमाखोरी पर लगाम लगाने के लिए कारोबारियों और चीनी मिलों पर स्टॉक सीमा लगाने के विकल्प पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। हालांकि, सरकार ने साफ कर दिया है कि फिलहाल चीनी आयात करने की कोई योजना नहीं है।बढ़ती कीमतों को लेकर चीनी मिलें और व्यापारी आमने-सामने आ गए हैं। चीनी मिल मालिकों का कहना है कि वे किसी भी तरह की जमाखोरी नहीं कर रहे हैं। उनका दावा है कि कीमतों में तेजी आने से पहले ही मिलें जुलाई महीने का अपना 80 फीसदी से अधिक बिक्री कोटा बाजार में जारी कर चुकी थीं।

## 'रामायण' के ट्रेलर लॉन्च के लिए अमेरिका रवाना हुए रणबीर कपूर-यश भारत में कब होगा रिलीज? जानिए तारीख और समय



Ramayana Trailer Release: फिल्म 'रामायण' का ट्रेलर भव्य स्तर पर अमेरिका में लॉन्च किए जाने की तैयारी है। अभिनेता रणबीर कपूर, यश और नितेश तिवारी वहां मौजूद रहेंगे। मगर, भारतीय दर्शक कब ट्रेलर देख पाएंगे? जानिए नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल है। बीते दिनों भारत में भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट आयोजित किया गया था। हालांकि, आधिकारिक तौर पर ट्रेलर को अभी रिलीज नहीं किया गया है। भारत से पहले यह ट्रेलर भव्य स्तर पर अमेरिका के प्रतिष्ठित सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में लॉन्च किया जाएगा। ऐसे में सवाल है कि भारत में ट्रेलर कब दस्तक देगा? जानिए रणबीर कपूर और साई पल्लवी अभिनीत फिल्म 'रामायण' का ट्रेलर 24 जुलाई को दुनियाभर में लॉन्च होगा। मगर, इससे पहले अमेरिका के सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में इससे पर्दा उठेगा। बीते दिन बुधवार को रणबीर कपूर और यश ट्रेलर लॉन्च के लिए अमेरिका रवाना हो चुके हैं। उन्हें मुंबई एयरपोर्ट देखा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में फिल्म का स्पेशल पैनल गुरुवार यानी आज 23 जुलाई को दोपहर सवा तीन बजे 4,800 सीटों वाले बॉलरूम 20 में आयोजित किया जाएगा। अमेरिका में इस इवेंट को एंटरटेनमेंट जर्नलिस्ट कोय जांद्रेउ होस्ट करने वाले हैं। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर फिल्म के लीड एक्टर रणबीर कपूर के अलावा यश और निर्देशक नितेश तिवारी भी मौजूद रहेंगे। साथ ही निर्माता नमित मल्होत्रा भी होंगे। कॉमिक-कॉन प्रेजेंटेशन भारतीय समयानुसार 24 जुलाई को सुबह सवा तीन बजे से सवा चार बजे होगा। सैन डिएगो में लोग भारत से पहले इस ट्रेलर का दीदार कर पाएंगे। भारतीय समय की बात करें तो पीवीआर पिक्चर्स के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से साझा किए गए स्क्रीनशॉट के मुताबिक भारत में ट्रेलर 24 जुलाई को सुबह 10 बजे रिलीज होगा

## Jantar Mantar Protest: दिल्ली में हो रहे प्रदर्शन पर पूछा सवाल तो भड़के सोनू निगम बोले- 'मैं किसलिए आया हूं'?



Sonu Nigam Video: मशहूर सिंगर सोनू निगम से हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जंतर मंतर पर चल रहे विरोध प्रदर्शनों को लेकर सवाल किया गया। इस पर वे नाराज नजर आए। नीट परीक्षा लीक मामले को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। पर्चा लीक के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में शुरू हुई मुहिम सोशल मीडिया से अब सड़कों पर आ चुकी है। बीते दिनों जंतर मंतर से संसद तक मार्च किया गया। अब भी प्रदर्शन जारी है। कई सितारे भी छात्रों के साथ आए हैं और उनके लिए आवाज बुलंद की है। कुछ प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं तो कुछ सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दर्ज करा रहे हैं। हाल ही में सोनू निगम से इसे लेकर सवाल किया। जानिए उन्होंने क्या कहा? मशहूर सिंगर सोनू निगम हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे। इस दौरान उनसे कई सवाल किए गई। बातचीत के दौरान सिंगर से छात्र आंदोलन के संदर्भ में भी प्रश्न किया गया। उनसे पूछा गया- 'दिल्ली में हो रहे प्रदर्शन के बारे में आप क्या कहना चाहेंगे' इस पर सोनू निगम ने कहा, 'मैं यहां किसलिए आया हूं। बस बस'। जब उनसे आगे दूसरा सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'अभी हो गया, बस'। प्रदर्शन को लेकर पूछे गए सवाल पर सिंगर के रिएक्शन वाला यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पर उन्हें काफी ट्रोल किया जा रहा है

## छात्रों के समर्थन में आए सलमान खान: बोले- पेपर लीक गंभीर मुद्दा आंदोलन का राजनीतिकरण न हो



Salman Khan On Student Protest: सिनेमा जगत की कई हस्तियों ने छात्रों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया है। इस बीच सलमान खान ने इस मामले पर अपनी राय रखी है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा है? बॉलीवुड और साउथ के कई सितारों ने छात्रों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया है। वहीं अब सलमान खान ने भी इस मामले पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने एक्स पर एक लंबी पोस्ट लिख कर छात्रों का समर्थन किया है। उन्होंने अपील की है कि इस मामले का राजनीतिकरण ना हो।

**पेपर लीक गंभीर मुद्दा है**

आज शाम को एक्स पर सलमान खान ने लिखा 'यह बहुत ही शांतिपूर्ण आंदोलन था। बहुत दुख की बात है कि इसने हिंसक रूप ले लिया। जो छात्र और उनके परिवार घायल हुए, उनके प्रति मेरी पूरी संवेदना है। पेपर लीक एक बहुत गंभीर मुद्दा है। मुझे यह देखकर खुशी है कि हमारे देश के बच्चे बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए एकजुट हुए हैं और उनके माता-पिता ने भी उनका साथ दिया है। अभिनेता ने आगे लिखा 'मैं उनके इस कदम की सच में सराहना करता हूं। उन्होंने लगन, ईमानदारी और कड़ी मेहनत करके अपना भविष्य बनाने और एक बेहतर, शिक्षित भारत के निर्माण के प्रति अपना उत्साह दिखाया है यह आंदोलन या विरोध प्रदर्शन ही सही तरीका है, और छात्रों ने इसे शांतिपूर्ण ढंग से किया है। शिक्षा के प्रति प्रेरित और उत्साहित यह पीढ़ी भारत का नाम रोशन करेगी। सलमान खान ने आगे लिखा 'यह मुद्दा छात्रों और शिक्षा व्यवस्था के बीच का है। इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। इसका श्रेय केवल हमारे देश के छात्रों को ही मिलना चाहिए। मुझे यकीन है कि सरकार भी उन्हें पूरा समर्थन देगी और शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाएगी। जो लोग शिक्षित होना चाहते हैं, उन सभी पर ईश्वर की कृपा बनी रहे।'

## 'टाइम मशीन' में लीड रोल में थे आमिर खान और जूही चावला करण जौहर ने स्क्रिप्ट की लगाई कम कीमत इसलिए अटकी फिल्म



Karan Razdan: फिल्ममेकर और राइटर करण राजदान 'टाइम मशीन' नाम की एक फिल्म बनाना चाहते थे। इसमें आमिर खान और जूही चावला अहम किरदार में थे। उन्होंने बताया कि यह फिल्म क्यों नहीं बन सकी? फिल्ममेकर और राइटर करण राजदान ने फिल्म इंडस्ट्री में कई भूमिकाएं निभाई हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि वे 'टाइम मशीन' नाम की उस महत्वाकांक्षी फिल्म के लेखक थे, जिसे बाद में बंद कर दिया गया था। शेखर कपूर के निर्देशन में बनने वाली और आमिर खान व जूही चावला स्टारर इस फिल्म ने बनने से पहले ही काफी चर्चा बटोरी थी। हालांकि इस फिल्म को आखिर में रोक दिया गया। राजदान ने बताया था कि फिल्म को क्यों बंद किया गया।

**क्या थी फिल्म की कहानी?**

फिल्म की कहानी के बारे में बात करते हुए करण राजदान ने बताया कि फिल्म की कहानी आमिर खान के किरदार के ईर्द-गिर्द घूमती थी, जो गलती से समय में पीछे जाकर महाभारत के दौर में पहुंच जाता है। इस घटनाक्रम को समझाते हुए, राजदान ने बॉलीवुड हंगामा से कहा 'किरदार को यह नहीं पता होता कि टाइम मशीन कैसे चलानी है। वह मशीन लेकर उड़ जाता है और अतीत में पहुंच जाता है। जब वह जागता है, तो उसे युद्ध की आवाजें सुनाई देती हैं।वह नीचे देखता है और पाता है कि एक भयंकर युद्ध चल रहा है। भगवान कृष्ण की नजर उस पर पड़ती है। मुख्य किरदार भगवान से पूछता है, 'यह क्या हो रहा है?' भगवान कृष्ण जवाब देते

## गुस्से से खौल रहा हूं नसीरुद्दीन शाह ने दिल्ली पुलिस को कहा गुंडा छात्रों पर लाठीचार्ज करने पर भड़के



Naseeruddin Shah on CJP Protest: दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर एक्टर नसीरुद्दीन शाह ने गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने एक वीडियो जारी कर इस पूरे मामले पर अपनी बात रखी। जानिए उन्होंने क्या कुछ कहा। एक्टर नसीरुद्दीन शाह ने चल रहे छात्र प्रदर्शन पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लाठीचार्ज करने वाले दिल्ली पुलिस कर्मियों की तुलना अमेरिक के ICE एजेंट्स से की। अपने गुस्से भरे संदेश में उन्होंने कहा कि प्रदर्शन की तस्वीरें देखकर उन्हें बहुत दुख और गुस्सा आया, लेकिन उन्होंने युवाओं से हिम्मत न हारने और लड़ाई जारी रखने की अपील भी की।

**छात्रों पर हमले से नाराज हुए नसीरुद्दीन शाह**

CJP के 'चलो संसद' मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के एक दिन बाद नसीरुद्दीन शाह ने वीडियो संदेश जारी किया। यह वीडियो CJP के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर मंगलवार रात को शेयर किया गया। उर्दू में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'अगर एक जाहिल इस मुल्क की रहनुमाई करे तो उसका दिल यही चाहेगा

## मैं ठीक हूं..पोस्ट को गलत समझा गया नहीं हुई अमिताभ बच्चन की सर्जरी ICU वाले ब्लॉग पर बिग बी ने दी सफाई



Amitabh Bachchan Clarification On Health: अमिताभ बच्चन ने बीते दिन अपने ब्लॉग पोस्ट में सर्जरी, आईसीयू और अस्पताल से छुट्टी जैसी बातों का जिक्र किया था। इसके बाद फैंस उनकी सेहत को लेकर चिंतित हो उठे। इस पर बिग बी ने सफाई दी है। बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन नियमित ब्लॉग लिखते हैं। मगर, बीते दिन उन्होंने कुछ ऐसा लिखा, जिसके बाद फैंस को उनके स्वास्थ्य की चिंता होने लगी। बिग बी ने अपने पोस्ट में सर्जरी और आईसीयू का जिक्र किया। उनके इस पोस्ट के आधार पर लोगों ने यह कयास लगाए कि शायद उनकी सर्जरी हुई है।

**ब्लॉग में लिखा- 'मैं ठीक हूं...'**

अमिताभ बच्चन ने हालिया ब्लॉग पोस्ट में यह साफ किया है कि वे बिल्कुल स्वस्थ हैं। उनकी सर्जरी नहीं हुई है, उनके पोस्ट को लेकर गलतफहमी हुई है।

## Miss Teen Diva 2026


## ऐश्वर्या मलंग विजेता पहली बार पूर्वोत्तर की सुंदरी को खिताब



Miss Teen Diva 2026: जयपुर में आयोजित मिस टीन दिवा 2026 के फिनाले में मेघालय की ऐश्वर्या मलंग को 'मिस टीन अर्थ इंडिया 2026' का ताज पहनाया गया है। यह पहली बार है कि पूर्वोत्तर की सुंदरी को खिताब दिया गया है। 'मिस टीन अर्थ इंडिया 2026' का ताज मेघालय की ऐश्वर्या मलंग के सिर सजा है। ऐश्वर्या मलंग यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाली नॉर्थ ईस्ट से पहली प्रतिभागी हैं। बता दें कि मिस टीन दिवा 2026 का ग्रैंड फिनाले जयपुर में आयोजित हुआ था। इंटरनेशनल स्टेज पर करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

इस जीत के साथ ऐश्वर्या 'मिस टीन अर्थ' के इंटरनेशनल स्टेज पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। ऐश्वर्या के अलावा स्निग्धा भुयान मिस टीन ग्रैंड इंडिया 2026 और प्रासुसी मिस टीन यूनिवर्स इंडिया 2026 बनी हैं। मिस टीन अर्थ इंडिया 2026 विनर ऐश्वर्या मलंग का कहना है, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, क्योंकि मैं हमेशा से मेघालय को रिप्रेजेंट करना चाहती थी'। उन्होंने आगे कहा, 'मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं।

## इस वीक ओटीटी पर रहेगी बहार 'मुसाफिर कैफे' से आदर्श बाल विद्यालय' तक रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज



OTT Releases This Week: नया वीक शुरू हो गया है। कई नई फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होंगी। इसके साथ ही ओटीटी पर भी इस वीक काफी कुछ दिलचस्प होगा। जानिए क्या-क्या है पिटारे में? इन दिनों सिनेमाघरों में 'धमाल 4' से लेकर 'वेलकम टू द जंगल' और हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' लगी हैं। वहीं, इस हफ्ते 'द इंडिया स्टोरी' से लेकर 'दुल्हनिया ले आएगी' तक नई फिल्में भी थिएटर्स में रिलीज होंगी। इस बीच ओटीटी पर भी इस वीक कई अच्छे विकल्प मौजूद होंगे। जानिए इस वीक की ओटीटी लिस्ट में क्या है खास? विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना की 'मुसाफिर कैफे' इस वीक ओटीटी पर दस्तक देगी। यह सीरीज चंदर (विक्रांत मैसी) और सुधा (वेदिका पिंटो) और प्रीति (महिमा मकवाना) के ईर्द-गिर्द है। यह रोमांटिक सीरीज 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। 'मुसाफिर कैफे' दिव्य प्रकाश दुबे के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है।

# Aaj Ka Rashifal 19 July

## सिंह और मकर राशि वालों को करियर में मिल सकती है बड़ी उपलब्धि जानें 12 राशियों का हाल

**Rashifal 23 July 2026**: जानें मेष, कर्क, सिंह, कन्या, मकर और कुंभ राशि वालों के लिए करियर, कारोबार, धन, स्वास्थ्य, प्रेम और पारिवारिक जीवन से जुड़ी ज्योतिषीय भविष्यवाणियां।

**Rashifal 23 July 2026**: वैदिक ज्योतिष के अनुसार, ग्रहों और नक्षत्रों की चाल का प्रभाव सभी 12 राशियों के जीवन पर पड़ता है। इसलिए दिन की शुरुआत से पहले अपना दैनिक राशिफल जान लेना शुभ माना जाता है। इससे करियर, कारोबार, धन, स्वास्थ्य, पारिवारिक जीवन और दिनभर के शुभ-अशुभ संकेतों का अनुमान लगाया जा सकता है। पंचांग के अनुसार, 23 जुलाई 2026 को कई राशियों के लिए नए अवसर, आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता में वृद्धि के योग बनेंगे। हालांकि कुछ जातकों को भावनात्मक मामलों और खर्चों में संयम बरतने की आवश्यकता रहेगी। आइए जानते हैं मेष से मीन तक सभी 12 राशियों के लिए 23 जुलाई 2026 का दिन कैसा रहने वाला है




### मेष

आज का दिन आपके लिए नई खुशियां और सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी के संकेत लेकर आया है। मन प्रसन्न रहेगा और जीवन में सकारात्मक बदलाव महसूस होंगे। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और जीवनसाथी या प्रिय व्यक्ति के साथ यादगार समय बिताने का अवसर मिल सकता है। संतान की भावनाओं को समझना और उनका सम्मान करना आज आपके लिए बेहद जरूरी रहेगा। यदि लंबे समय से घर, मकान या दुकान खरीदने की योजना बना रहे थे, तो उसके पूरे होने की संभावना मजबूत है। वहीं पिताजी के स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतना बेहतर रहेगा।

### वृषभ

आज का दिन उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यशैली से सभी प्रभावित होंगे और आप अपने सहयोगियों से भी बेहतर प्रदर्शन करवाने में सफल रहेंगे। विदेश से जुड़े व्यापार करने वालों को कोई सुखद समाचार मिल सकता है। मन की कोई पुरानी इच्छा पूरी होने से संतोष का अनुभव होगा। यदि प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे हैं, तो परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। हालांकि किसी भी निर्णय में जल्दबाजी करने से बचें।

### मिथुन

आज का दिन अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए बेहद अनुकूल रहेगा। लंबे समय से रुके हुए काम गति पकड़ेंगे और सफलता मिलने की संभावना बढ़ेगी। नए लोगों से मुलाकात भविष्य में लाभदायक साबित हो सकती है। सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को नए अवसर मिलेंगे। परिवार के किसी सदस्य को अपने काम में शामिल कर सकते हैं। वाणी पर संयम बनाए रखें, क्योंकि छोटी-सी बात भी विवाद का कारण बन सकती है। सरकारी कार्य पूरे होने की संभावना भी मजबूत दिखाई दे रही है।

### कर्क

आज का दिन खुशियों और सुकून से भरा रहेगा। मित्रों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा और किसी पार्टी या पारिवारिक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं। घर से निकलने से पहले माता-पिता का आशीर्वाद लेना आपके लिए शुभ रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को अपने कार्यों के लिए प्रशंसा और सफलता मिलेगी। अपनी किसी पुरानी गलती से सीख लेकर आगे बढ़ेंगे। विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई से जुड़ी परेशानियां दूर होती नजर आएंगी और मन एकाग्र रहेगा।

### कन्या

आज खर्चों पर नियंत्रण रखना आपके लिए जरूरी रहेगा। अपनी पसंद की चीजों पर खर्च करने का मन करेगा, लेकिन बजट का ध्यान रखना समझदारी होगी। धन-धान्य में वृद्धि के संकेत हैं और कोई पुराना लेन-देन भी समाप्त हो सकता है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से भटक सकता है, इसलिए उन्हें अधिक एकाग्र रहने की आवश्यकता होगी। एक साथ कई जिम्मेदारियां आने के बावजूद आप सभी कार्य सफलतापूर्वक पूरे कर पाएंगे। माता-पिता का आशीर्वाद आपके लिए विशेष लाभदायक रहेगा।

### सिंह

आज व्यस्तता जरूर रहेगी, लेकिन आपकी मेहनत आपको सफलता के करीब ले जाएगी। व्यापार में धैर्य बनाए रखें, क्योंकि परिणाम आपके पक्ष में आने में थोड़ा समय लग सकता है। आय बढ़ाने के नए अवसरों पर आपका ध्यान रहेगा। पिताजी के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा, लेकिन उनके स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखें। सामाजिक कार्यों में भाग लेने से मान-सम्मान और पहचान बढ़ेगी।

### तुला

आज का दिन आपको विशेष सावधानी बरतने की सलाह देता है। कानूनी या प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों में कोई भी कदम सोच-समझकर उठाएं। यदि आपने किसी से कोई वादा किया था, तो उसे निभाने का प्रयास करें। संतान की उपलब्धियां आपको गर्व का अनुभव कराएंगी। भावनाओं में बहकर कोई फैसला लेने से बचें। धैर्य और विवेक से लिया गया निर्णय ही आपके लिए लाभदायक साबित होगा।

### वृश्चिक

आज परिस्थितियां आपके पक्ष में रहने वाली हैं। मानसिक शांति बनी रहेगी और कई रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें, विशेष रूप से पेट से जुड़ी समस्याओं को नजरअंदाज न करें। दूसरों के मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप करने से बचें। यदि पिताजी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता है, तो समय रहते उचित सलाह लें। धन से जुड़े अटके हुए मामलों में भी सकारात्मक परिणाम मिलने के संकेत हैं। परिवार के साथ बिताया गया समय सुकून देगा।

### धनु

आज आय के नए स्रोत बनने की संभावना है। यदि नौकरी बदलने का विचार कर रहे थे, तो कोई अच्छा अवसर मिल सकता है। परिवार में किसी शुभ कार्य का आयोजन घर का माहौल खुशनुमा बनाएगा। विद्यार्थियों का मन नई चीजें सीखने में लगेगा और किसी नए कोर्स की शुरुआत करने का विचार बन सकता है। संतान की सफलता आपको गर्व और खुशी का अनुभव कराएगी।

### मकर

आज आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता होगी। कुछ रुकावटें जरूर आएंगी, लेकिन धैर्य और मेहनत से आप उन्हें पार कर लेंगे। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें। लंबे समय से टाले गए कार्यों को पूरा करने का प्रयास करें, अन्यथा परिवार के सदस्य नाराज हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अपनी बात स्पष्ट रूप से रखें, ताकि आपकी मेहनत और विचारों को उचित महत्व मिल सके।

### कुंभ

आज स्वास्थ्य के मामले में राहत महसूस होगी और मानसिक शांति भी बनी रहेगी। पिताजी की सलाह आपके लिए बेहद लाभदायक साबित हो सकती है, इसलिए उनकी बातों को गंभीरता से सुनें। यदि किसी समस्या को लेकर मन परेशान था, तो उसका समाधान मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में मनपसंद जिम्मेदारी मिलने से उत्साह बढ़ेगा। निवेश से जुड़े मामलों में सोच-समझकर निर्णय लेना ही आपके हित में रहेगा।

### मीन

आज का दिन छोटे-छोटे अवसरों को बड़े लाभ में बदलने का रहेगा। आपकी कार्यक्षमता बढ़ेगी और आप अपने सभी जरूरी काम समय पर पूरे करने में सफल रहेंगे। व्यस्तता के बावजूद परिवार के लिए समय निकालेंगे, जिससे रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। पुराने मित्र से मुलाकात मन को प्रसन्न करेगी। सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आपकी पहचान मजबूत होगी, हालांकि कुछ नए विरोधी भी सामने आ सकते हैं। सरकारी कार्यों में भी सकारात्मक प्रगति होने की संभावना है।

# Aaj Ka Love Rashifal

## वृषभ और मीन राशि वालों को मिलेगा पार्टनर का साथ पढ़ें 12 राशियों का लव राशिफल




**Love Rashifal 23 July**: पढ़ें 23जुलाई का दैनिक लव राशिफल और जानें प्रेम एवं वैवाहिक जीवन के लिहाज से आज का दिन आपके लिए क्या संकेत लेकर आया है।

**Love Rashifal 23 July 2026**: वैदिक ज्योतिष के अनुसार, ग्रहों और नक्षत्रों की चाल का प्रभाव प्रेम संबंधों, दांपत्य जीवन और भावनात्मक रिश्तों पर भी पड़ता है। दैनिक लव राशिफल के माध्यम से आप जान सकते हैं कि आज का दिन आपके रिश्ते के लिए कैसा रहेगा, पार्टनर के साथ संबंधों में मधुरता आएगी या किसी बात को लेकर मतभेद की स्थिति बन सकती है। ग्रहों और नक्षत्रों की स्थिति सभी 12 राशियों के प्रेम जीवन और वैवाहिक संबंधों पर अलग-अलग प्रभाव डालेगी। ऐसे में आइए जानते हैं कि 23 जुलाई 2026 का दिन मेष से मीन तक सभी राशियों की लव लाइफ और मैरिड लाइफ के लिए कैसा रहने वाला है।

**मेष लव राशिफल (Aries Love Horoscope)**
आज प्रेम संबंधों में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। यदि आप किसी को अपने दिल की बात कहना चाहते हैं तो समय अनुकूल है। विवाहित जातकों के बीच आपसी समझ बेहतर होगी और पुराने मतभेद दूर होने के संकेत हैं।

**वृषभ लव राशिफल (Taurus Love Horoscope)**
आज साथी के साथ भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा। प्रेम संबंधों में विश्वास बढ़ेगा और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हो सकती है। अविवाहित लोगों को किसी नए रिश्ते का प्रस्ताव मिल सकता है।

**मिथुन लव राशिफल (Gemini Love Horoscope)**
रिश्तों में संवाद आपकी सबसे बड़ी ताकत रहेगा। पार्टनर के साथ खुलकर बातचीत करने से गलतफहमियां दूर होंगी। प्रेम संबंध विवाह की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

**कर्क लव राशिफल (Cancer Love Horoscope)**
भावनात्मक रूप से दिन थोड़ा संवेदनशील रह सकता है। किसी छोटी बात को लेकर मन विचलित हो सकता है, लेकिन धैर्य रखने से रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**सिंह लव राशिफल (Leo Love Horoscope)**
कार्य की व्यस्तता के बावजूद जीवनसाथी के लिए समय निकालने का प्रयास करें। प्रेम संबंधों में अहंकार से बचें। छोटी-सी सरप्राइज या प्रशंसा आपके रिश्ते को और मजबूत बनाएगी।

**कन्या लव राशिफल (Virgo Love Horoscope)**
आज रिश्तों में विश्वास और पारदर्शिता बनाए रखना जरूरी होगा। किसी पुराने विवाद का समाधान निकल सकता है। विवाहित जीवन में सुखद समाचार मिलने की संभावना है।

**तुला लव राशिफल (Libra Love Horoscope)**
रोमांटिक जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। पार्टनर के साथ कहीं घूमने या समय बिताने का अवसर मिल सकता है। दांपत्य जीवन में प्रेम और सामंजस्य बढ़ेगा।

**वृश्चिक लव राशिफल (Scorpio Love Horoscope)**
आज अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त करें। प्रेम संबंधों में ईमानदारी और विश्वास आपके रिश्ते को नई मजबूती देंगे। अविवाहित लोगों की किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

**धनु लव राशिफल (Sagittarius Love Horoscope)**
लव लाइफ में नई उम्मीदें जागेंगी। लंबी दूरी के रिश्तों में भी मधुरता बनी रहेगी। परिवार की सहमति से विवाह संबंधी चर्चा आगे बढ़ सकती है।

**मकर लव राशिफल (Capricorn Love Horoscope)**
जीवनसाथी का सहयोग आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। रिश्तों में स्थिरता और भरोसा रहेगा। साथ मिलकर भविष्य की योजनाएं बनाने के लिए दिन शुभ है।

**कुंभ लव राशिफल (Aquarius Love Horoscope)**
क्रोध और जिद से बचें, अन्यथा छोटी बात बड़ा विवाद बन सकती है। शांत स्वभाव और समझदारी से रिश्तों में संतुलन बना रहेगा। प्रियजन के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**मीन लव राशिफल (Pisces Love Horoscope)**
आज प्रेम जीवन में मधुरता और अपनापन बढ़ेगा। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक संबंध और मजबूत होंगे। अविवाहित जातकों के लिए मनचाहे रिश्ते की शुरुआत के योग बन सकते हैं।

# Grahan In August 2026

## अगस्त में सूर्य और चंद्र ग्रहण का साया जानें डेट और इसका समय




**Surya And Chandra Grahan In August 2026**: अगस्त माह में ग्रहण का साया बना हुआ है। इस समय साल के दो बड़े ग्रहण, सूर्य और चंद्रमा देखने को मिलेंगे। आइए इसका समय और प्रभाव जानते हैं।

**Surya And Chandra Grahan In August 2026**: साल 2026 का आठवां महीना अगस्त बेहद महत्वपूर्ण रहने वाला है। इस महीने सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण जैसे दो प्रमुख खगोलीय घटनाक्रम घटित होंगे। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, एक ही महीने में सूर्य और चंद्र ग्रहण का पड़ना विशेष महत्व रखता है, क्योंकि ग्रहण का प्रभाव ग्रहों की स्थिति, राशियों और वातावरण पर भी माना जाता है। वहीं, हिंदू धर्म में ग्रहण काल को विशेष समय माना गया है, जिसके दौरान पूजा-पाठ, सूतक और अन्य धार्मिक नियमों का पालन किया जाता है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं द्वारा कई कठिन नियमों का ध्यान भी रखा जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि, अगस्त 2026 में ये दोनों ग्रहण किस दिन और समय लगने वाले हैं।

**कब लगेगा सूर्य ग्रहण ?**
अगस्त माह में सूर्य ग्रहण 12 अगस्त 2026 को लगने वाला है। ज्योतिषियों के अनुसार, यह ग्रहण श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर पड़ेगा। इसी दिन हरियाली अमावस्या का त्योहार भी मनाया जाएगा। वहीं भारतीय समयानुसार, सूर्य ग्रहण 12 अगस्त को रात 9 बजकर 04 मिनट पर लगेगा। इसका समापन 13 अगस्त 2026 को सुबह 4:25 पर माना जा रहा है। इस ग्रहण को दुनिया के कुछ हिस्सों में स्पष्ट रूप से देखा जाएगा। हालांकि, यह सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा।

## राजस्थान रॉयल्स विवाद: इंग्लैंड की अदालत का बड़ा फैसला

# राज कुंद्रा को 4.94 लाख डॉलर चुकाने का दिया आदेश

इंग्लैंड की हाई कोर्ट ने राजस्थान रॉयल्स विवाद में राज कुंद्रा को ईएमवी को 4.94 मिलियन डॉलर (ब्याज सहित) चुकाने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने 2019 के समझौते का हवाला देते हुए उन्हें इस मामले में भारत में आगे कोई कानूनी कार्रवाई करने से भी रोक दिया है। इंग्लैंड और वेल्स के हाई कोर्ट ने बिजनेसमैन राज कुंद्रा के खिलाफ बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने उन्हें इमर्जिंग मीडिया वेंचर्स (ईएमवी) को 4.94 मिलियन अमेरिकी डॉलर ब्याज सहित चुकाने का आदेश दिया है। साथ ही, राजस्थान रॉयल्स में अपनी पुरानी हिस्सेदारी को लेकर भारत में कोई भी नई कानूनी कार्रवाई करने पर स्थायी रोक लगा दी है।

**क्या है पूरा मामला?**

यह विवाद आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स में राज कुंद्रा की 11.7 फीसदी हिस्सेदारी से जुड़ा है। कुंद्रा का दावा था कि उन्हें अपनी हिस्सेदारी टीम की वास्तविक कीमत से काफी कम दाम पर बेचने के लिए मजबूर किया गया था। हालांकि, ईएमवी का कहना था कि वर्ष 2019 में हुए सेटलमेंट एग्रीमेंट के तहत राज कुंद्रा ने 4.94 मिलियन डॉलर लेने के बाद राजस्थान रॉयल्स के शेयरों पर अपने सभी अधिकार छोड़ दिए थे। साथ ही उन्होंने यह भी माना था कि भविष्य में इस मामले से जुड़े किसी भी विवाद की सुनवाई केवल इंग्लैंड की अदालतों में होगी। भारत में भी की थी कानूनी कार्रवाई इस साल राजस्थान रॉयल्स की कंट्रोलिंग हिस्सेदारी की बिक्री की प्रक्रिया शुरू होने पर राज कुंद्रा ने एनसीएलटी और बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिकाएं दायर की थीं। उन्होंने ईएमवी और उसके सह-संस्थापक मनोज बडाले पर धोखाधड़ी और जानकारी छिपाने के आरोप भी लगाए थे। ईएमवी ने अदालत में कहा कि यह कदम 2019 के समझौते का सीधा उल्लंघन है। राज कुंद्रा के पास ईएमवी के दावे का बचाव करने का कोई ठोस आधार नहीं है। दोनों समझौते राज कुंद्रा ने कानूनी सलाहकारों की मौजूदगी में अपनी इच्छा से किए थे।



**भारत में मुकदमे पर स्थायी रोक**

कोर्ट ने पहले जारी किए गए एंटी-सूट इंजंक्शन को स्थायी कर दिया है। इसका मतलब है कि राज कुंद्रा और उनकी कंपनी कुकी इन्वेस्टमेंट्स अब राजस्थान रॉयल्स की इस हिस्सेदारी से जुड़े मामले में भारत में कोई नई कानूनी कार्रवाई नहीं कर सकते। अदालत ने राज कुंद्रा और कुकी इन्वेस्टमेंट्स को संयुक्त रूप से 4.94 मिलियन डॉलर की सेटलमेंट राशि ब्याज सहित चुकाने का आदेश दिया है।

# IND vs SL Test

## क्या आठ साल बाद फिर श्रीलंका में इतिहास दोहराएगा भारत? पहले खेलेगा चार दिवसीय वार्म-अप मैच



श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय टीम सात से 10 अगस्त तक कोलंबो में चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। इसके बाद 15 अगस्त से गाले में पहला और 23 अगस्त से कोलंबो में दूसरा टेस्ट खेला जाएगा, जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए कोलंबो में चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। यह मुकाबला सात से 10 अगस्त तक नॉनडिस्क्रिप्ट्स क्रिकेट क्लब (एनसीसी), कोलंबो में खेला जाएगा। भारतीय टीम के चार अगस्त को कोलंबो पहुंचने की संभावना है। इसके बाद टीम स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने के लिए अभ्यास सत्र में हिस्सा लेगी और फिर चार दिवसीय प्रैक्टिस मैच खेलेगी। समाचार एजेंसी आईएएनएस ने सूत्रों के हवाले से बताया कि, यह अभ्यास मैच खिलाड़ियों को श्रीलंका की पिचों और मौसम के अनुरूप खुद को तैयार करने का अच्छा अवसर देगा, जिससे मुख्य टेस्ट सीरीज में टीम बेहतर प्रदर्शन कर सकेगी। 15 अगस्त से शुरू होगी टेस्ट सीरीज

अभ्यास मैच के बाद भारतीय टीम गॉल रवाना होगी, जहां दोनों देशों के बीच पहला टेस्ट 15 से 19 अगस्त तक गाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा और अंतिम टेस्ट 23 से 27 अगस्त तक सिन्हलीज स्पोर्ट्स क्लब (एसएससी), कोलंबो में आयोजित होगा। दोनों मुकाबले स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे से शुरू होंगे।

**विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से अहम होगी सीरीज**

भारत और श्रीलंका, दोनों के लिए यह टेस्ट सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। फिलहाल भारत नौ मैचों में 48.15 प्रतिशत अंक के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है, जबकि श्रीलंका 44.44 अंक प्रतिशत के साथ छठे स्थान पर मौजूद है। ऐसे में इस सीरीज में जीत हासिल करने वाली टीम को डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ में बड़ा फायदा मिलेगा। आठ साल बाद श्रीलंका में टेस्ट खेलेगा भारत भारतीय टीम लगभग आठ साल बाद श्रीलंका में टेस्ट सीरीज खेलने उतरेगी।

# Mohammed Siraj: डीएसपी मोहम्मद सिराज ने तेलंगाना डीजीपी से क्यों की मुलाकात?




भारतीय क्रिकेटर और तेलंगाना पुलिस के डीएसपी मोहम्मद सिराज ने सोमवार को तेलंगाना के डीजीपी सी.वी. आनंद से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान डीजीपी ने पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के लिए संचालित कल्याण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं की भी समीक्षा की। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज और तेलंगाना पुलिस में डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (डीएसपी) मोहम्मद सिराज ने सोमवार को तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सी.वी. आनंद से शिष्टाचार मुलाकात की। डीजीपी कार्यालय में हुई इस बैठक के दौरान आईजी (पी एंड आई) गजाराव भूपाल और डीएसपी (स्पोर्ट्स) रामाराव भी मौजूद रहे।

**अक्तूबर 2024 में संभाला था डीएसपी का पद**

भारत की टी-20 विश्व कप 2024 जीत के बाद मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने मोहम्मद सिराज को सरकारी नौकरी और आवासीय भूखंड देने की घोषणा की थी। इसके बाद अगस्त 2024 में राज्य मंत्रिमंडल ने मोहम्मद सिराज और विश्व चैंपियन मुक्केबाज निखत जरीन को ग्रुप-1 श्रेणी के डीएसपी पद पर नियुक्त करने का निर्णय लिया। सके लिए राज्य सरकार ने तेलंगाना (सार्वजनिक सेवाओं में नियुक्तियों का विनियमन एवं स्टाफ संरचना और वेतन व्यवस्था का युक्तिकरण) अधिनियम, 1994 में संशोधन भी किया।

अक्तूबर 2024 में सिराज ने आधिकारिक रूप से डीएसपी का पदभार ग्रहण किया। राज्य सरकार ने उन्हें हैदराबाद के जुबली हिल्स, रोड नंबर-78 पर 600 वर्ग गज का आवासीय भूखंड भी आवंटित किया है।

पुलिस कर्मियों के कल्याण पर डीजीपी का विशेष जोर

इस बीच डीजीपी सी.वी. आनंद ने पुलिस मुख्यालय में पुलिस वेलफेयर सोसायटी और आरोग्य भद्रता (हेल्थ प्रोटेक्शन) योजना की समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों का कल्याण तेलंगाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि विभाग पुलिसकर्मियों के बच्चों को मेरिट स्कॉलरशिप और मेधावी छात्रवृत्ति प्रदान कर रहा है। साथ ही जेईई, नीट और अन्य राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। डीजीपी ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा कर्मियों और उनके परिवारों के लिए विवाह ऋण, चिकित्सा ऋण, शिक्षा ऋण, मेरिट छात्रवृत्ति, अतिरिक्त कॉर्पस बीमा तथा विभिन्न अनुदान आधारित सहायता योजनाएं संचालित की जा रही हैं, ताकि उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिल सके। बैठक में हेल्थ प्रोटेक्शन स्कीम की भी समीक्षा की गई।

# IND vs ENG: कोहली-अय्यर के अर्धशतक पड़े फीके


## रूट ने इंग्लैंड को दिलाई शानदार जीत सीरीज 1-1 की बराबरी पर

जो रूट की नाबाद 99 रन की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में भारत को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। भारत की ओर से विराट कोहली (65) और श्रेयस अय्यर (66) ने अर्धशतक लगाए, लेकिन रोहित शर्मा की खराब फॉर्म और मध्यक्रम के बिखरने से टीम सिर्फ 233 रन ही बना सकी। जो रूट की शानदार नाबाद 99 रन की पारी के दम पर इंग्लैंड ने गुरुवार को कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स में खेले गए दूसरे वनडे में भारत को चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर हो गई। अब सीरीज का फैसला रविवार को लॉर्ड्स में खेले जाने वाले तीसरे और अंतिम मुकाबले में होगा। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44 ओवर में 233 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने 44.1 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। 234 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट को जल्दी आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने जैकब बेथल को चलता किया। हैरी ब्रूक भी सिर्फ 16 रन बनाकर गुरनूर बराड़ का शिकार बने। एक समय इंग्लैंड का स्कोर 125/5 था, लेकिन अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने संयम के साथ पारी को संभाला। उन्होंने विल जैक्स (30) के साथ छठे विकेट के लिए 72 रन की अहम साझेदारी की और टीम को जीत तक पहुंचाया। रूट ने 133 गेंदों में नाबाद 99 रन बनाए। वह शतक से सिर्फ एक रन दूर रह गए, लेकिन गस एटकिंसन ने विजयी चौका लगाकर मैच खत्म कर दिया।



लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

# ICC Player of the Month: आईसीसी ने किया जून के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का एलान किन प्लेयर्स ने जीते अवॉर्ड?



आईसीसी ने जून 2026 के प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड्स का एलान करते हुए पुरुष वर्ग में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ और महिला वर्ग में इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज डैनी व्यॉट-हॉज को सम्मानित किया। दोनों खिलाड़ियों ने क्रमशः इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज और महिला टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जून 2026 के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड्स की घोषणा कर दी है। पुरुष वर्ग में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ और महिला वर्ग में इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज डैनी व्यॉट-हॉज को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है।

**नाथन स्मिथ ने इंग्लैंड में रचा इतिहास**

27 वर्षीय नाथन स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से टेस्ट सीरीज जीत में न्यूजीलैंड की सफलता में अहम भूमिका निभाई। टीम के कई प्रमुख तेज गेंदबाजों के चोटिल होने के बावजूद स्मिथ ने नई गेंद से जिम्मेदारी संभाली और पूरी सीरीज में 23 की औसत से 16 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने इस पुरस्कार की दौड़ में भारत के कप्तान शुभमन गिल और बांग्लादेश के ऑलराउंडर मोसादेक हुसैन को पीछे छोड़ा।

**लॉर्ड्स टेस्ट में किया यादगार प्रदर्शन**

स्मिथ का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पहले टेस्ट में लॉर्ड्स पर देखने को मिला, जहां उन्होंने दूसरी पारी में 6/70 विकेट लेकर मैच में कुल नौ विकेट झटके। दूसरे टेस्ट में उन्होंने एक विकेट लेने के अलावा 38 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। वहीं निर्णायक तीसरे टेस्ट की पहली पारी में 4/91 और दूसरी पारी में दो विकेट लेकर न्यूजीलैंड को ऐतिहासिक सीरीज जीत दिलाने में अहम योगदान दिया। अवार्ड मिलने पर स्मिथ ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए बेहद खास है, लेकिन उनकी प्राथमिकता हमेशा टीम की जीत में योगदान देना रही है।



महिला वर्ग में इंग्लैंड की स्टार बल्लेबाज डैनी व्यॉट-हॉज ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में रिकॉर्डतोड़ बल्लेबाजी के दम पर यह पुरस्कार अपने नाम किया। नवंबर 2024 के बाद यह दूसरा मौका है जब उन्हें आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है उन्होंने स्कॉटलैंड की कप्तान कैथरीन ब्राइस और भारत की बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरणी को पछाड़कर यह सम्मान हासिल किया।।

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













